THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

द अनकवर्ड अपडेट

कवर के पीछे की खबर | Digital Edition | RJHIN/25/A4779

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरूवार 19 नवंबर, 2026 | » वर्ष: 01 » अंक: 25 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रू.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान ऊर्जा संपन्न बनने की ओर अग्रसर

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की तुलना में गत तीन वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल

विद्युत उत्पादन क्षमता चार गुना, सौर ऊर्जा क्षमता सात गुना तक पहुंची

कुसुम घटक सी में शून्य से 3758 मेगावाट पहुंची क्षमता

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान में बिजली उत्पादन और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण में ऐसा अभूतपूर्व बदलाव आया है जिससे राजस्थान ऊर्जा संपन्न बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। विद्युत उत्पादन क्षमता, सौर ऊर्जा, ट्रांसफार्मर क्षमता आवर्धन सहित विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की तुलना में कई गुना उपलब्धियां हासिल की हैं। इससे किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और उद्योगों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली सुनिश्चित हो रही हैं।

भजनलाल सरकार के कार्यकाल (दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2026 तक) में गत तीन वर्ष के दौरान कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 11,699 मेगावाट की भारी वृद्धि हुई है। जबकि गत सरकार के शुरुआती तीन वर्षों में (दिसंबर 2018 से अक्टूबर 2021 तक) यह वृद्धि मात्र 2,969 मेगावाट ही थी। इस प्रकार कुल उत्पादन क्षमता में चार गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं, सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी राजस्थान ने नई बुलंदियों को छू रहा है। सितंबर 2026 तक सौर क्षमता में 28,302 मेगावाट का इजाफा हुआ है, जो कि पूर्ववर्ती सरकार के 3,984 मेगावाट की तुलना में लगभग सात गुना से भी अधिक है।

ट्रांसफार्मर क्षमता के आवर्धन में भी भाजपा सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। सितंबर 2026 तक ट्रांसफार्मर क्षमता में 4,902 एमवीए की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पूर्व सरकार के 2,813 एमवीए से काफी अधिक है। वहीं अतिरिक्त उच्च वोल्टेज ट्रांसफार्मर क्षमता आवर्धन के मामले में वर्तमान सरकार के दौरान लगभग तीन गुना गति के साथ 12,619 एमवीए की बढ़ोतरी हुई है, जबकि गत सरकार के समय यह 4,734 एमवीए रही थी। सौर ऊर्जा से कृषि को जोड़ने वाली पीएम-कुसुम योजना के तहत भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है। कुसुम घटक-ए के अंतर्गत वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 1,779 मेगावाट क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जबकि पूर्व सरकार के दौरान यह आंकड़ा महज 9.5 मेगावाट था। इसके अतिरिक्त, कुसुम घटक-सी के तहत वर्तमान सरकार में अब तक 3,758 मेगावाट क्षमता विकसित की गई है, जबकि पिछली सरकार के समय इसकी क्षमता शून्य थी। भजनलाल सरकार ने विद्युत वितरण और प्रसारण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य में 400/220/132 केवी के 64 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित किए हैं, जबकि पिछली सरकार के दौरान ऐसे 27 सब-स्टेशन ही स्थापित हो सके थे। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 33 केवी के 542 नए सब-स्टेशन का निर्माण किया गया है, जबकि गत सरकार में यह संख्या 486 तक ही पहुंची थी।

जयपुर में बारात आने से पहले मैरिज-गार्डन पर चला बुलडोजर

होटल, मकान और दुकानें तोड़ी; व्यापारियों और पुलिस में धक्का-मुक्की, घर टूटने पर रोने लगीं महिलाएं

जयपुर। जयपुर में न्यू सांगानेर रोड पर जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की ओर से बुधवार को 80 से ज्यादा मकान-दुकानों से अवैध निर्माण हटाए गए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई गुर्जर की थड़ी के पास मेट्रो पिलर-84 से सोडाला तिराहे की ओर पिलर-107 तक 800 मीटर के दायरे में की गई। सड़क सीमा (100 फीट) में आ रहे होटल, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल, मकान व दुकानों के रैम्प, रेलिंग, टिनशेड, सीढ़ियां, बाउंड्री वॉल और अगले हिस्से को तोड़ा गया। होटल लजीज के आगे के हिस्से को भी ध्वस्त किया गया। कलकत्ता मैरिज गार्डन में बुधवार को शादी है। जोधपुर से बारात आनी है। जेडीए ने अवैध निर्माण हटाने के दौरान डेकोरेशन गेट और सजावट भी हटा दी। जिस लड़की की शादी है, उसके माता-पिता और परिवार वाले दुखी हैं।

जीवनभर की पूंजी से बनाया मकान तोड़ा

व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया। व्यापारियों की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हो गई। लोगों का कहना था कि प्रशासन तानाशाही कर रहा है। घर तोड़े जाने पर कई महिलाएं भावुक हो गईं। एक महिला रोते हुए बोली- जीवनभर की पूंजी से बनाया मकान तोड़ दिया।



एक नजर



पीएम मोदी 19 नवंबर को फिक्की की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 नवंबर को यहां भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में बुधवार को दी गई। 'भारत 2047' थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में उद्योग जगत के दिग्गजों, सीईओ, राजदूतों, राजनयिकों और नीति निर्माताओं सहित 2,500 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। वर्ष 2026-27 फिक्की का शताब्दी वर्ष है, क्योंकि संगठन 7 अप्रैल 2027 को अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करेगा।



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आजम खान की अंतरिम जमानत के खिलाफ ईडी ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आजम खान की अंतरिम जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। ईडी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े 426 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान को अंतरिम जमानत दी गई थी। मनी लॉन्ड्रिंग रोकने वाली एजेंसी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत के समक्ष यह मामला रखा।



सिंचाई विभाग के लंबित मामलों पर सीएम योगी-धामी में बनी सहमति

20 हजार करोड़ की परिसंपत्तियों का विवाद सुलझा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे से जुड़े वर्षों पुराने विवादों के समाधान की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। दोनों राज्यों के आपसी सहयोग और समन्वय से अब तक 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से जुड़े विवाद सुलझाए जा चुके हैं। शेष मामलों में सिंचाई विभाग की परिसंपत्तियों समेत अन्य लंबित प्रकरणों का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के बीच हुई बैठक में सहमति बनी।



ट्रम्प के स्वागत में एयरपोर्ट पहुंचे जिनपिंग, तोड़ा प्रोटोकॉलः आज पुतिन के साथ त्रिपक्षीय बैठक

चीन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन पहुंच गए हैं। उनके स्वागत के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान जिनपिंग ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए ट्रम्प का स्वागत किया। यह पहली बार है जब शी जिनपिंग किसी विदेशी नेता की अगवानी के लिए एयरपोर्ट पहुंचे हैं। आमतौर पर विदेशी नेताओं के स्वागत की जिम्मेदारी अन्य वरिष्ठ अधिकारी निभाते हैं। ट्रम्प चीन में APEC समिट में हिस्सा लेंगे।

मेडिकल के एग्जाम में 50% से ज्यादा स्टूडेंट फेल

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (क्राम्स) की ओर से पिछले दिनों जारी किए गए एनाटॉमी डिपार्टमेंट के रिजल्ट चौंकाने वाले आए हैं। इस रिजल्ट में 50 फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट फेल हो गए। इसको लेकर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (जार्ड) ने आपत्ति जताई है। परीक्षा कॉपी की जांच पर सवाल खड़े किए है। साथ ही रिटोटलिंग पोर्टल को खोलने की मांग की है।

दरअसल, यूनिवर्सिटी ने पिछले दिनों एनाटॉमी डिपार्टमेंट के रूल्ड मैन्स के लिखित एग्जाम का रिजल्ट जारी किया। इसमें पूरे प्रदेश में 57 स्टूडेंट बैठे। इनमें से 36 स्टूडेंट इस रिटन एग्जाम को पास ही नहीं कर पाए। सवाई



मानसिंह मेडिकल कॉलेज की बात करें तो यहां 14 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया, जिसमें से 9 फेल हो गए। बताया जा रहा है कि झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में तो एक भी स्टूडेंट पास ही नहीं हो पाया।



राहुल अमेरिका में बोलेःभारत आर्थिक संकट की कगार पर

बेरोजगारी-एजुकेशन सिस्टम भी बड़ी समस्या; नितिन नवीन बोले-इकोनॉमी नहीं, उनकी सोच डिजास्टर

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा है कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है।



इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं। युवाओं में बढ़ती निराशा की मुख्य वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। राहुल गांधी ने यह बात बुधवार को न्यूयॉर्क में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी के सामने कही। राहुल अमेरिका के दो दिन के दौरे पर हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने जालंधर में कहा, 'राहुल विदेश में जाकर भारत की छवि खराब करते हैं। वो भारत की इकोनॉमी को डिजास्टर बताते हैं, लेकिन भारत नहीं उनकी सोच डिजास्टर है।'

एसआईआर पर खर्च को लेकर सवालः राहुल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को सामान्य अभियान से बिल्कुल अलग बताया। उन्होंने कहा, 'इस अभियान में जितना पैसा खर्च किया गया, वह अनुमान से 20, 30, 40 या 50 गुना तक ज्यादा था। इतना पैसा कहां से आया। इस अभियान में खर्च की गई रकम को लेकर कई सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना चाहिए।'

वोटों के अंतर को बताया असंभवः राहुल ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, 'अचानक 5 लाख वोटों का मार्जिन मिल जाना संभव नहीं है। चुनावी नतीजों और वोटों के आंकड़ों को लेकर हमारी पार्टी (कांग्रेस) के पास कई सवाल हैं। हमारे पास चुनावी धांधली के कई सबूत हैं। इन्हें सामने लाने के लिए हम काम कर रहे हैं।'

चुनावी व्यवस्था में सुधार को बताया जरूरीः राहुल ने कहा, 'हमारा मकसद देश की चुनावी व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करना है। चुनावी व्यवस्था को ठीक किए बिना कुछ नहीं हो सकता।

एसीबी जांच के खिलाफ शिखर अग्रवाल ने किया राजस्थान हाई कोर्ट का रुख, कहा- नहीं मिला पक्ष रखने का उचित मौका

जयपुर । वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल ने राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की प्रारंभिक जांच और राज्य सरकार की ओर से दी गई मंजूरी को चुनौती दी है। इस मामले पर 19 नवंबर को सुनवाई होने की संभावना है। आईएएस शिखर अग्रवाल का आरोप है कि उन्हें अपना पक्ष रखने का कोई सार्थक मौका दिए बिना ही यह मंजूरी दे दी गई। उन्होंने तर्क दिया है कि सरकार की ओर से स्पष्टीकरण मांगने की प्रक्रिया सिर्फ एक औपचारिकता थी, न कि अपनी बात रखने का कोई वास्तविक अवसर। याचिका के अनुसार, घटनाओं का यह क्रम 27 अक्टूबर से शुरू हुआ।

चक्रवात अकवान ताकतवर हुआ, 110kmph रफ्तार

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अकवान बुधवार को और ताकतवर हो गया। इसकी रफ्तार 110 kmph पहुंच गई है। यह आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। बुधवार सुबह 5 बजे तूफान विशाखापत्तनम से 610 km और चेन्नई से 580 km दूर था। इसके 20 नवंबर की दोपहर यनम तट से टकराने की आशंका है। उस समय हवा की रफ्तार 130 से 145 kmph हो सकती है।

राहुल गांधी भारत का अपमान कर रहे, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस सांसद को घेरा

जालंधर । नितिन नवीन ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं ने देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि को स्वीकार



किया है। इसके बावजूद राहुल गांधी वैश्विक मंच पर भारत की बेइज्जती कर रहे हैं। पंजाब के जालंधर दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए नितिन नवीन ने कहा, राहुल गांधी भारत की अर्थव्यवस्था को आपदा कह रहे हैं।

मुहाना मंडी

जयपुर में अमृतसर-शिमला से आ रहा मटरःमुहाना मंडी में थोक में 40 से 80 रुपए किलो कीमत

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में इन दिनों पंजाब और हिमाचल प्रदेश से मटर की आवक बढ़ गई है। पंजाब के अमृतसर और होशियारपुर से आ रहा मटर की मुहाना मंडी में थोक में 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के शिमला से आने वाला मटर 70 से 80 रुपए किलो तक बिक रहा है। इसके बावजूद जयपुर में खुदरा बाजार में मटर 150 से 200 रुपए किलो तक बिक रहा है। मुहाना मंडी में मटर के साथ ही दूसरी सब्जियों के दाम में भी पिछले महीने के मुकाबले कमी आई है। टमाटर, मिर्ची, फूल गोभी, शिमला मिर्च, नींबू, अदरक और ग्वार फली सहित कई सब्जियां पिछले महीने की तुलना में सस्ती हुई हैं। मुहाना मंडी के कारोबारियों के अनुसार- इस बार मटर की फसल ज्यादा होने और फ्रोजन मटर का पुराना स्टॉक होने से आने वाले दिनों में भी भाव कम रहने की उम्मीद है। मुहाना मंडी के थोक व्यापारी देवेंद्र जैन ने बताया- मंडी में अक्टूबर के पहले सप्ताह से मटर आना शुरू हो जाता है।

पंचायतीराज चुनाव

मतगणना को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला संदेश नायक ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश

ईवीएम से पहले होगी संबंधित वार्ड के पोस्टल बैलेट की गणना, परिणाम के बाद निर्वाचित सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ

जयपुर(नि.सं.)। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत 20 नवंबर को होने वाली जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जयपुर संदेश नायक ने मतगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना शुक्रवार, 20 नवंबर को प्रातः 8 बजे से सीकर रोड स्थित श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जयपुर में प्रारंभ होगी। मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को पर्याप्त कार्मिकों की नियुक्ति एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक पर्यवेक्षक एवं एक सहायक होंगे नियुक्त

जिला परिषद् एवं पंचायत समिति के वार्डों की मतगणना के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी



पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की नियुक्ति करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक एवं एक मतगणना सहायक नियुक्त किया जाएगा। मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति मतदान दल रचना प्रकोष्ठ के माध्यम से की जाएगी। कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान पहचान पत्र दिए जाएंगे। सभी मतगणना कार्मिकों को 20 नवंबर को प्रातः 6 बजे निर्धारित मतगणना स्थल पर पहुंचना होगा। वहां उन्हें उनके आवंटित मतगणना कक्ष एवं टेबल के नियुक्ति आदेश वितरित किए जाएंगे। मतगणना कक्ष में उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं को निर्धारित पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

जयपुर में सुभाष चौक इलाके में फिर हुई चाकूबाजी

जयपुर। जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में चार दिन के भीतर चाकूबाजी की दूसरी घटना सामने आने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सोमवार रात करीब 9:30 बजे चारदरवाजे से सुभाष चौक आने वाले रास्ते पर वार्ड 114 के पार्षद मोहम्मद जाकरिया के कार्यालय के पास पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। इसके बाद भांकरोटा निवासी सरफराज पर चाकू से तीन वार किए।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

जयपुर अपडेट

गुलाबी शहर की हर खबर

Digital Edition | RJHIN/25/A4779

गुरूवार, 19 नवंबर, 2026

स्वर्ण जयंती समारोह

दीया कुमारी बोलीं- राहुल-गांधी मुंह खोलते हैं तो उल्टा-सीधा बोलते हैं



जयपुर(नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- राहुल गांधी जब भी मुंह खोलते हैं तो उल्टा-सीधा ही बोलते हैं। उन्होंने राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोपों पर कहा कि वह बेबुनियाद बातें करते हैं, जिनका कोई मतलब नहीं होता है। दीया कुमारी ने कहा- अगर राहुल गांधी को फोन टैपिंग को लेकर कोई आशंका है तो उन्हें इसकी जांच करवानी चाहिए। बिना किसी ठोस आधार के हवा में बातें नहीं करनी चाहिए। दीया कुमारी ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। देश की जनता भी सरकार के कामकाज और विकास के प्रयासों को देख रही है। दीया कुमारी बेंगलुरु स्थित प्रशांति कुटीरम में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत करने पहुंची थी। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं।



योग का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान: कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- योग का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। योग वह साधना है, जहां परम शक्ति और शांति का संगम होता है। आज आधुनिक विज्ञान में भी योग ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। योग गंभीर बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी साबित हो रहा है। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा- सीपीएचसी (कॉम्प्रिहेन्सिव प्राइमरी हेल्थ केयर) के स्वस्थ ग्राम कार्यक्रम के तहत 5 हजार लोगों तक योग पहुंचाने का कार्य सराहनीय है।

रैगिंग की घटनाओं पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सख्त

गजेन्द्र सिंह ने सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रभावी रोकथाम के दिये निर्देश

प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राजकॉप पुलिस ऐप डाउनलोड करवाने के निर्देश



- **एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग गाइडलाइन सभी कॉलेजों में होगी लागू**
- **एसएमएस मेडिकल कॉलेज की टीम अन्य मेडिकल कॉलेजों में जाकर करेगी मेंटरिंग**

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बुधवार को समीक्षा बैठक लेकर रैगिंग की रोकथाम एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ , आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री बाबूलाल गोयल, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी तथा एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका जैन उपस्थित रहीं। खींवसर ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल



कॉलेजों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राजकॉप पुलिस ऐप डाउनलोड करवाया जाए। कॉलेज प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक विद्यार्थी के मोबाइल में यह ऐप उपलब्ध हो, ताकि रैगिंग अथवा किसी अन्य अप्रिय घटना की स्थिति में विद्यार्थी तत्काल पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि कई बार कॉलेज प्रशासन तक सूचना पहुंचने में समय लग सकता है, लेकिन पुलिस ऐप के माध्यम से सूचना सीधे पुलिस तक तत्काल पहुंच सकती है और समय रहते आवश्यक कार्रवाई संभव हो सकेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की टीम को अन्य मेडिकल कॉलेजों में जाकर वहां के कॉलेज प्रशासन को मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज द्वारा रैगिंग की रोकथाम के लिए तैयार की गई गाइडलाइन एवं व्यवस्थाओं को प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लागू किया जाए। प्रत्येक कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी एवं स्क्वॉड सक्रिय रहें और नियमित निरीक्षण, निगरानी तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कमेटियों की नियमित बैठकें हों तथा शिकायतों, जांच और की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को रैगिंग के विरुद्ध जागरूक किया जाए।

जयपुर स्थापना दिवस पर आतिशबाजी से बिदके हाथी:स्टेच्यू सर्किल पर भागे; हेलिकॉप्टर से हुई फूलों की बारिश, क्रेन से हुआ गणेश पूजन



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर बुधवार शाम स्टेच्यू सर्किल पर दीप जलाने करने के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी से हाथी डरकर बिदक गए और स्टेच्यू सर्किल पर इधर-उधर भागने लगे। इससे कई लोग बाल-बाल बच गए।

इससे पहले जयपुरवासियों ने दीपक जलाकर जयपुर का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर मेयर सुनील कोठारी समेत नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले दिन में गंगापोल दरवाजे पर क्रेन की मदद से भगवान गणेश का पूजन किया गया। इस दौरान शहनाई वादन और नगाड़ों की गूंज के बीच हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए। इसके बाद आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

न्यूज ब्रीफ

कोटा में जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव की घोषणा

जिला परिषद और पंचायत समिति मेंबर के वोटों की गिनती अब 17 दिसंबर को

कोटा(वि.सं.)। कोटा में जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव की घोषणा हो गई है। वहीं, जिला परिषद और पंचायत समिति मेंबर के वोटों की गिनती की तारीख बदली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रेस नोट जारी कर कोटा, बारां, श्रीगंगानगर, व करौली के जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना के लिए नई तारीख दी है। पहले पंचायतीराज चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को होनी थी। अब नए आदेश के अनुसार 17 दिसंबर को होगी। नए आदेश के तहत कोटा जिला प्रमुख का चुनाव 22 दिसंबर मंगलवार को होगा। 23 दिसंबर को उप जिला प्रमुख का चुनाव होगा। 24 दिसंबर को प्रधान के लिए चुनाव होंगे। 25 दिसंबर को उपप्रधान के चुनाव होंगे।

देवउठनी एकादशी पर खाटूश्यामजी के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

जयपुर से दिल्ली के बीच 18 से 21 नवंबर तक होगा संचालन, रींगस और श्रीमाधोपुर समेत 9 स्टेशनों पर होगा ठहराव

जयपुर(नि.सं.)। देवउठनी एकादशी पर रींगस स्थित खाटूश्यामजी मंदिर के लिए उत्तर पश्चिम(वेस्टरेन नॉर्थ) रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी है, इसी को देखते हुए जयपुर के ढेहर का बालाजी से दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच 18 से 21 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन चलेगी। इससे खाटूश्यामजी जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। ट्रेन का रींगस और श्रीमाधोपुर सहित 9 स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसमें 14 जनरल कोच लगाए जाएंगे। इसमें यात्री बिना सीट रिजर्व किए बिना भी यात्रा कर सकेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया- खाटूश्यामजी मंदिर के लिए लाखों की संख्या में पैसेंजर्स जयपुर दिल्ली समेत पूरे देश से दर्शन के लिए आते है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राज्यमंत्री डॉ. बाघमार ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को लोकभवन में राज्य की सार्वजनिक निर्माण एवं महिला बाल विकास मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



राजस्थान से एकीकृत एएनएम प्रशिक्षण की राष्ट्रीय स्तर पर शुरुआत

उदयपुर में छह राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 35 प्रतिभागी ले रहे हैं सात दिवसीय प्रशिक्षण



जयपुर(नि.सं.)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एकीकृत प्रशिक्षण रणनीति के तहत एएनएम के लिए एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल के प्रथम रीजनल ट्रेनिंग ऑफ स्टेट ट्रेनर्स का शुभारंभ राजस्थान से किया गया है। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 22 नवम्बर तक उदयपुर के एमबीजीएच नर्सिंग कॉलेज, उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, गोवा तथा दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के कुल 35 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों का दक्ष समूह तैयार करना है, जो आगे अपने-अपने राज्यों में जिला स्तर पर एएनएम को प्रशिक्षित करेंगे। मिशन निदेशक ने बताया कि एकीकृत प्रशिक्षण रणनीति के तहत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अलग-अलग प्रशिक्षणों के स्थान पर एकीकृत एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित की जा रही है। इससे एएनएम की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

जयपुर डिजाइन फेस्टिवल का जवाहर कला केंद्र में समापन:सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी ने भी देखी डिजाइन और कलाकृतियां

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। जवाहर कला केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय जयपुर डिजाइन फेस्टिवल (जेडीएफ) का समापन बुधवार को हुआ। जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष को समर्पित इस फेस्टिवल के तीसरे दिन दीया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे।

दीया कुमारी ने फेस्टिवल में प्रदर्शित डिजाइन, कलाकृतियों और प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इसके पीछे डिजाइनर्स और शिल्पकारों की मेहनत और रचनात्मकता दिखाई देती है। यह आयोजन महज तीन दिनों का उत्सव नहीं है, बल्कि जयपुर की रचनात्मक पहचान को आगे बढ़ाने वाली एक बड़ी पहल की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जयपुर जैसे हेरिटेज शहर की मूल पहचान को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। शहर में होने वाले ऐसे बदलावों और गतिविधियों के प्रति भी नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए, जो इसकी ऐतिहासिक पहचान और विरासत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए हर बार सरकार की कार्रवाई का इंतजार करने के बजाय लोगों को खुद आवाज उठानी होगी।

फेस्टिवल के अंतिम दिन डिजाइन इंडस्ट्री एवं एंटरप्राइज और 'द फ्यूचर ऑफ डिजाइन' विषयों पर दो प्रमुख फोरम आयोजित किए गए।

फेस्टिवल के अंतिम दिन डिजाइन इंडस्ट्री एवं एंटरप्राइज और 'द फ्यूचर ऑफ डिजाइन' विषयों पर दो प्रमुख फोरम आयोजित किए गए।

जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष पर जनभागीदारी से बनेगा आंदोलन

दीया कुमारी ने अगले वर्ष जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर को शहर की सुंदरता, स्वच्छता और विरासत संरक्षण से जोड़ना चाहिए। इसके लिए नागरिकों की भागीदारी से एक जनआंदोलन खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे जयपुर की ऐतिहासिक इमारतों, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने जयपुर डिजाइन फेस्टिवल को आगे भी निरंतर आयोजित करने और इसे व्यापक स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी ने प्रदर्शनी में शामिल एग्जिबिटर्स और डिजाइनर्स से मुलाकात की। उन्होंने विभिन्न डिस्प्ले, कलाकृतियों और डिजाइन प्रस्तुतियों को करीब से देखा और उनकी सराहना की। जेडीएफ की टीम के साथ भी उन्होंने समय बिताया।

ऊंट ने महिला जज को माला पहनाई, लिप किस किया:मालिक की गर्दन मुंह में दबाई

लंगड़ी टांग में अर्जेंटीना की महिला जीती



अजमेर। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें आज लंगड़ी टांग, ऊंट सजाओ, ऊंट डांस और सतोलिया प्रतियोगिता हो चुकी हैं। देसी-विदेशी प्रतिभागियों ने इनमें हिस्सा लिया। मेले में आज सुबह हुई लंगड़ी टांग प्रतियोगिता में अर्जेंटीना की माया ने बाजी मारी। वहीं दूसरे स्थान पर जर्मनी की लीजा और तीसरे स्थान पर इजरायल की अल्मोग रहीं। खास बात यह रही कि मुकाबले में कोई भी भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप-3 में जगह नहीं बना सकी।

वहीं सतोलिया में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की।

ऊंट सजाओ प्रतियोगिता में कैमल मैन अशोक टांक जीते

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले के मेला ग्राउंड में आयोजित ऊंट सजाओ प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

इसमें अजमेर के कैमल मैन अशोक टांक ने पहला स्थान हासिल किया। खास बात यह है कि अशोक टांक पिछले 38 सालों से लगातार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और अब तक 13 से ज्यादा अवॉर्ड जीत चुके हैं।

प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026: टिकाऊ खनन और नए निवेश अवसरों पर रहेगा राजस्थान का फोकस

छह सेक्टोरल सत्रों में से एक होगा खनन सत्र, जिसमें जिम्मेदार खनन, खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग और भविष्य में विकास की संभावनाओं पर रहेगा विशेष फोकस

जयपुर। राजस्थान अपने समृद्ध खनिज संसाधनों को सस्टेनेबल प्रैक्टिसेस, इनोवेशन और नए निवेश अवसरों के साथ जोड़कर अपने खनन क्षेत्र को एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में प्रयासरत है। 10 दिसंबर को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 के दौरान होने वाला माइनिंग सेक्टोरल सत्र की थीम 'क्लोजिंग द लूप- पायनियरिंग सर्कुलर इकोनॉमी एंड सस्टेनेबल माइनिंग फॉर टुमॉरो' पर केंद्रित होगी। मुख्य कार्यक्रम के छह सेक्टोरल सत्रों में से एक, यह सत्र खनन को अधिक सस्टेनेबल बनाने, खनिज संसाधनों के उपयोग में सुधार करने और आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए सभी स्टैकहोल्डर्स को एक मंच पर लाएगा।

भारत के खनन परिदृश्य में राजस्थान की स्थिति बेहद मजबूत है, जहाँ 25 प्रमुख और 31 लघु खनिजों सहित कुल 56 खनिजों का उत्पादन होता है। इसी मजबूती को आगे बढ़ाते हुए, राज्य अब केवल खनिज निकालने से आगे बढ़कर जिम्मेदार खनन, संसाधनों के कुशल उपयोग और खनन अपशिष्ट (वेस्ट) के नए उपयोग तलाशने पर अधिक जोर दे रहा है।

इस सत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने, खनन प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने, खनिज संसाधनों के पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग को बढ़ावा देने तथा महत्वपूर्ण खनिजों ((क्रिटिकल मिनरल्स) के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित करने पर चर्चा की जाएगी। यह सत्र निवेश आकर्षित करने, उद्योग की साझेदारियों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल खनन को बढ़ावा देने पर भी केंद्रित होगा, जिसमें खनन क्षेत्रों का पुनरुद्धार और उनका उत्पादक उपयोग भी शामिल है।

राज्य ने %राजस्थान खनिज नीति 2024% के तहत इस क्षेत्र के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसका उद्देश्य 2029-30 तक राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (तस्ष्ठक्क) में खनन के योगदान को बढ़ाकर 5त्न करना और 2047 तक 1 लाख करोड़ रुपये का खनिज राजस्व प्राप्त करना है।

बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 27-28 को हरियाणा के सूरजकुंड में

नई दिल्ली , एजेंसी। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 27 और 28 नवंबर को हरियाणा के सूरजकुंड में होगी इसमें पार्टी के नेता जुटेंगे। दो दिन तक चलने वाली इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेंगे। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संगठन से जुड़े अहम मामलों पर विचार-विमर्श का एक प्रमुख मंच होती है। इससे पहले बीजेपी ने यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मथुरा में दो दिवसीय योजना बैठक की थी। यह बैठक 16 और 17 नवंबर को परखम गांव में हुई थी। इसमें सीएम योगी, दोनो डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक समेत पार्टी के 54 वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया था। बैठक के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक मथुरा की बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई थी। युवाओं तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने, अब तक बीजेपी से दूर रहे सामाजिक वर्गों को जोड़ने का मुद्दा भी उठा था। इसके साथ ही सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया था। अब बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अगली बैठक हरियाणा के सूरजकुंड में 27-28 होने जा रही है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा घटी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा कम की है। उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा विभाग ने कम दृश्यता को देखकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य कोहरे की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह शीतकालीन गति सीमा 15 नवंबर, 2026 से लेकर 15 फरवरी, 2027 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान, सुबह 08:00 बजे से रात 08:00 बजे तक नई नियम लागू रहने वाले है। इसके तहत, कारों के लिए अधिकतम गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है, जबकि यात्री बसों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा और मालवाहक ट्रकों के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित किया गया है। जिन पांच एक्सप्रेसवे पर नियम लागू, उसमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। यह कदम कोहरे के कारण होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिनमें अक्सर कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। गति सीमा कम होने से चालकों को आपात स्थिति में वाहनों को नियंत्रित करने और दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करने में सहायता मिलेगी। उत्तर प्रदेश यातायात निदेशालय ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे ठंड और कोहरे के मौसम में सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन करें।

सीएम योगी के गृह क्षेत्र में सपा की पदयात्रा पर बीजेपी ने कसा तंज कहा- 2047 तक सत्ता में नहीं आ सकते अखिलेश

लखनऊ , एजेंसी। यूपी 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले सियासी पारा चढ़ने लगा है। सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके ही गृह क्षेत्र में राजनीतिक चुनौती देने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गोरखपुर में करीब 20 किलोमीटर लंबी एक भव्य रोड शो और पदयात्रा निकाल रहे हैं। इसको लेकर बीजेपी ने तंज कसा है और कहा कि बीजेपी को अखिलेश की पदयात्रा से कोई चिंता नहीं है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सत्ता में नहीं आ पाएगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव चाहे गोरखपुर, सैफई या लखनऊ में कहीं भी यात्रा निकाल लें, सपा का भविष्य पहले भी अंधकार में था, आज भी है और आगे भी रहेगा। समाजवादी पार्टी 2047 तक उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के सपने तो देख सकती है, लेकिन असल में वे सत्ता में नहीं आ सकते। अखिलेश यादव यह बात बहुत अच्छी तरह जानते हैं। बता दें यूपी में 2027 के फरवरी या मार्च में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। पिछले विधानसभा चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीजेपी ने 255 सीटों पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की थी, जबकि मुख्य विपक्षी दल के रूप में समाजवादी पार्टी ने 111 सीटें जीती थीं। अब जहां बीजेपी विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर तीसरी बार सत्ता की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रही है।

जेडीए का गुर्जर की थड़ी से सोडाला तक अतिक्रमणों पर बड़ा एक्शन

100 फीट रोड के दोनों ओर अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त, न्यायालय के आदेशों की पालना में चला संयुक्त अभियान

संवाद अपडेट





जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा द्वारा बुधवार को गुर्जर की थड़ी से सोडाला जाने वाली 100 फीट रोड के दोनों ओर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ सघन कार्रवाई की गई। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में जेडीए द्वारा चार प्रवर्तन टीमों का गठन कर संयुक्त अभियान चलाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस श्री आनन्द शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सड़क सीमा के दोनों ओर अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों, मकानों, बालकनियों, बाउंड्रीवाल, टीनशेड, चबूतरों एवं सीढ़ियों सहित अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। जेसीबी एवं लोडर मशीनों तथा मजदूरों की सहायता से अतिक्रमण हटाकर सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। अभियान में प्रवर्तन-द्वितीय एवं तृतीय के उपनियंत्रकों सहित जोन-सी, 08, 14, 20, 11, 07, 22, 09, 17, 12, पीआरएन, बी एवं 24 की प्रवर्तन टीमों ने भाग लिया। कार्रवाई के दौरान जयपुर पुलिस आयुक्तालय से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय सोडाला थाना पुलिस, जेडीए के राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ का सहयोग रहा। यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम एवं द्वितीय के पर्यवेक्षण में संपादित की गई। जेडीए द्वारा न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित करते हुए सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई की गई।

अयोध्या और नेपाल के जनकपुर के बीच नई ट्रेन सेवा का होगा शुभारंभ

● पीएम मोदी और बालेन शाह दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी अयोध्या को बिहार के सीतामढ़ी से होकर नेपाल के जनकपुर धाम से जोड़ने वाली नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण ट्रेन का शुभारंभ 23 नवंबर को होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। माना जा रहा है कि यह सेवा नेपाल के प्रधानमंत्री शाह की भारत यात्रा के दौरान शुरू होगी, जो मार्च में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा होगी।



यह ट्रेन अयोध्या कैंट और जनकपुर धाम के बीच करीब 604 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या को माता सीता से जुड़े स्थल जनकपुर और सीतामढ़ी से जोड़ने वाले मार्ग से तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अपने सफर के दौरान यह ट्रेन कुल 10 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम, मनकापुर, बस्ती और गोरखपुर तथा बिहार के नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शिशो, मधुबनी और जयनगर शामिल हैं। इसके बाद यह ट्रेन जयनगर के रास्ते नेपाल में प्रवेश कर जनकपुर धाम पहुंचेगी। रेलवे के तय कार्यक्रम के अनुसार, यह ट्रेन हर सोमवार को अयोध्या कैंट से रवाना होगी और वापसी में हर शनिवार को जनकपुर धाम से चलेगी। भारतीय रेलवे का मानना है कि इस सीमा पार ट्रेन सेवा के शुरू होने से तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के साथ-साथ पढ़ाई, व्यापार और काम के सिलसिले में आने-जाने वाले लोगों के लिए यात्रा बेहद सुगम हो जाएगी। इस रूट पर स्थित दोनों देशों के प्रमुख शहरों में पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले: शिक्षा, सुरक्षा और न्याय पर व्यापक प्रभाव

मुंबई , एजेंसी । मुंबई में महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्य के गृह, उच्च व तकनीकी शिक्षा, वस्त्र उद्योग और विधि व न्याय विभागों से संबंधित कई बड़े निर्णय लिए गए।

इन फैसलों में, सुरक्षा बलों से नक्सलियों द्वारा लूटे गए हथियारों की जानकारी देने वालों के लिए नकद इनाम योजना शुरू करने का अहम फैसला शामिल है। इस पहल का उद्देश्य ऐसी गुप्त सूचनाओं को प्रोत्साहित करना है, जिससे राज्य में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर सके।

इसके अलावा, राज्य में उच्च और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए महाराष्ट्र पब्लिक यूनिवर्सिटीज एक्ट, 2016 में संशोधन को मंजूरी दी गई। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे, जिससे महाराष्ट्र में शिक्षा के स्तर को नई दिशा मिल सकेगी।

वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने राज्य की इंटीग्रेटेड और सस्टेनेबल टेक्सटाइल इंडस्ट्री पॉलिसी में भी संशोधन को स्वीकृति दी। इस निर्णय के तहत, पालघर जिले को अब जोन-1 में शामिल किया जाएगा, जबकि जोन-4 को रद्द कर विस्तार के नियमों में भी बदलाव किए जाएंगे। इन संशोधनों से पालघर में वस्त्र संबंधी व्यापार और निवेश को गति मिलने की उम्मीद है।

न्यायिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कैबिनेट ने पालघर जिले में प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट के साथ-साथ चीफ मजिस्ट्रेट कोर्ट स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, पालघर में सरकारी वकीलों के कार्यालय और उनसे संबंधित सहायक पदों के सृजन को भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन फैसलों से पालघर जिले में न्यायिक प्रशासन मजबूत होगा और आम लोगों को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय मिल सकेगा।

पंजाब चुनाव: शिअद से गठबंधन पर केंद्रीय नेतृत्व करेगा फैसला : पाटिल

नई दिल्ली, एजेंसी । केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और भाजपा के पंजाब चुनाव प्रभारी सी आर पाटिल ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी 2027 में पंजाब विधानसभा चुनाव जीतेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ संभावित गठबंधन का निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा, न कि वे स्वयं। केंद्रीय मंत्री पाटिल का यह बयान तब आया है जब 2027 के चुनावों के लिए भाजपा और शिअद के फिर से साथ आने की अटकलें तेज हैं। दोनों दलों का 24 साल पुराना गठबंधन सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों के विरोध में टूट गया था, हालांकि अब वे कानून निरस्त हो चुके हैं।



अपने पंजाब दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री पाटिल ने चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय का दौरा किया, जहां उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, सांसद सतनाम सिंह संधू सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में चुनावी सफलताओं का हवाला देकर दावा किया कि पार्टी पंजाब में भी जीत हासिल करेगी।

गठबंधन की संभावनाओं पर केंद्रीय मंत्री पाटिल ने कहा, यह फैसला पार्टी नेताओं को करना है। हमारे नेता इस बारे में निर्णय लेने वाले है। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक कार्यकर्ता हैं और गठबंधन को लेकर शिअद के साथ किसी भी बैठक की जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के साथ किसी भी बातचीत से इंकार कर कहा कि अगर कोई बातचीत होनी है, तब वह पार्टी के वरिष्ठ नेता करने वाले हैं, इसमें उनकी कोई दखल नहीं है।

राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताकर केंद्रीय मंत्री पाटिल ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधकर कहा कि पंजाब के लोग मौजूदा हालात से वाकिफ हैं और इस सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं। करतारपुर गलियारे को फिर से खोलने के मुद्दे पर उन्होंने प्रधानमंत्री के पूर्व प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि भविष्य में भी सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा।

होर्मुज में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर पर हमला, 24 भारतीयों को सुरक्षित निकाला

दो घायल, एक लापता, भारत ने जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को बताया चिंताजनक



नई दिल्ली , एजेंसी। अमेरिका-ईरान के बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में एक और व्यावसायिक जहाज को निशाना बनाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि इस सप्ताह की शुरुआत में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर एमटी तारा गैस पर हुए हमले के बाद चालक दल में शामिल एक भारतीय नागरिक लापता हो गया है, जबकि दो अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल हो गए। राहत की बात यह है कि टैंकर पर सवार सभी 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित रेस्क्यू कर निकाला।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने होर्मुज में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर पर हुए हमले की निंदा की है। साथ ही, भारत ने एक बार फिर मांग दोहराई है कि व्यावसायिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद किया जाए। मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर सवार 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित खसाब पहुंचा दिया गया है। घायल हुए दो भारतीय चालक दल के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक अभी भी लापता बताया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान में स्थित भारतीय दूतावास, ओमान के अधिकारियों के साथ मिलकर चल रहे खोज और बचाव अभियान पर नजर रख रहा है। भारत ने कहा कि हम बचाव कार्यों में ओमान सरकार द्वारा दी गई त्वरित मदद और सहयोग की सराहना करते हैं। नई दिल्ली ने कहा कि इस क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और ये नागरिक नाविकों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप, अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की आवाजाही और व्यापार को बिना किसी रुकावट के जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि 10 नवंबर को लाइबेरिया के झंडे वाला फुजैराह एनर्जी जिस पर 6 भारतीय नाविक सवार थे - अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में प्रोजेक्टाइल की चपेट में आ गया था। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए थे, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं और आगे की चिकित्सीय जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। चालक दल के बाकी 18 सदस्य, जिनमें अन्य 5 भारतीय नाविक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और सभी का पता चल गया है।

पंजाब में भाजपा की समरसता संकल्प यात्रा का आगाज़, आप पर निशाना



जालंधर , एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब के जालंधर में समरसता संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। भाजपा नेताओं ने दौरे का मकसद सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के कुशासन से राज्य को बचाना और पंजाब को फिर से सही रास्ते पर लाना बताया। जालंधर जिले के आदमपुर स्थित गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत पंजाब भाजपा प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों और पार्टी प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने किया।

बीजेपी प्रवक्ता शेरगिल ने बताया कि यह यात्रा गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के सम्मान में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा, नितिन नवीन पंजाब की पवित्र भूमि से प्रार्थना करने वाले हैं कि राज्य को आप के कुशासन से बचाया जा सके, जिस सरकार ने राज्य को नशीले पदार्थों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के अंधेरे में धकेल दिया है। वे गुरु रविदास महाराज जी से पंजाब का पुराना गौरव वापस लौटने और राज्य को पूरे भारत में फिर से नंबर एक बनाने की भी प्रार्थना करने वाले है।

वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सांपला ने बताया पंजाब से शुरू हुई यह यात्रा चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सहित कुल सात राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 3 दिसंबर को वाराणसी में समाप्त होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समापन कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले है। बीजेपा नेता अश्वनी सेखरी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास जी से जुड़ी घटनाओं को मनाना और उनके दिए गए आदर्शों व शिक्षाओं का सम्मान करना है। भाजपा के अनुसार, समरसता संकल्प यात्रा 3 दिसंबर तक पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में संत रविदास जी के संदेश का प्रसार करेगी। यह आयोजन तब हो रहा है जब भाजपा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को साल भर चलने वाले एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मना रही है।

दिल्ली में एक्यूआई का स्तर सुधरा, लोगों ने ली राहत की सांस, 11.6 डिग्री रहा पारा

नई दिल्ली, एजेंसी । दिल्ली में मंगलवार को नवंबर की अब तक की सबसे साफ हवा दर्ज की गई और एक्यूआई 204 रहा। इस बीच शहर में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह रही और सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री रहा। इस महीने 'खराब' श्रेणी में 204 के एक्यूआई के साथ दिल्ली की हवा सबसे बेहतर रही। इससे कई दिनों से बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बाद लोगों को कुछ राहत मिली है। बता दें इससे पहले दिल्ली में 31 अक्टूबर को एक्यूआई 117 दर्ज किया गया था, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। आंकड़े दर्ज करने वाले 58 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 31 'खराब' श्रेणी में रहे, 26 में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' दर्ज की गई, जबकि एक केंद्र, सिरीफोर्ट में 303 एक्यूआई के साथ वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। दिल्ली में नवंबर के ज्यादातर समय धुंध छाई रही और प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहा।



सम्पादकीय

किशोरों और युवाओं की फिटनेस कैसे हो?

सरकार को अधिक से अधिक शारीरिक शिक्षकों व खेल प्रशिक्षकों को स्कूलों के साथ जोडऩे का प्रबंध करना होगा जैसा केंद्रीय विद्यालय कर रहे हैं। वे खेल सुविधा व प्रतिभा के हिसाब से विभिन्न खेलों के लिए पार्ट टाइम पूर्व खिलाडिय़ों व प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर रहे हैं नशे के विरुद्ध राज्य में काफी काम कर रही है। खेलो हिमाचल के लिए कुछ खेलों में खंड स्तर से राज्य स्तर तक खेल प्रतियोगिताएं भी करवा रही है और इन खेलों में विजेताओं के लिए लाखों के ईनाम भी रखे हैं। मगर इन कुछ खेल प्रतियोगिताओं में केवल कुछ सौ किशोर व युवा ही भाग ले पाएंगे। क्या राज्य के लाखों किशोरों व युवाओं के लिए प्रदेश में कोई फिटनेस कार्यक्रम है? सरकार को इस विषय पर जरूर सोचना होगा। वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से बार-बार हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में कामयाब नहीं हुआ है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर पिछले वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है, मगर राज्य में फिटनेस संस्कृति के अभाव में धरातल पर कुछ भी सकारात्मक नजर नहीं आ रहा है। शिक्षा विभाग के स्कूलों में अब मैदान की जगह कक्षा के कमरे में खेल व व्यायाम की जगह नैतिक शिक्षा को पढ़ाया जा रहा है। अब स्कूलों में सवेरे की सभा में बीस मिनट तक फिटनेस के लिए व्यायाम की बात कही गई है। शिक्षा का मतलब शरीर व मन दोनों का विकास करना है, तो शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को कई बार चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है।

मनीला में हुई मुलाकातों के मायने

भारत की कूटनीतिक सक्रियता के लिहाज से मंगलवार का दिन खास रहा। फिलीपींस की राजधानी मनीला में पहले आसियान शिखर सम्मेलन और फिर देर शाम जिस गंभीर माहौल में 'क्वाड' देशों के शासनाध्यक्षों की मुलाकात हुई, वह संकेत है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के आसपास अब विश्व की राजनीति सिमटने लगी है। हालांकि, जब ये पंक्तियां लिखी जा रही थीं, तब तक [ाड बैठक के नतीजे सार्वजनिक नहीं किए गए थे, पर इस मजलिस से पहले 'ओपेन मीटिंग' में चारों नेताओं ने 'आपसी सहयोग' बढ़ाने पर जो जोर दिया, उसके मौजूदा हालात में गहरे निहितार्थ हैं।गौरतलब है, [ाड की यह बैठक 2025 में भारत में होनी थी, पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रत्याशित व अस्थिर नीतियों के कारण ऐसा हो न सका। बहरहाल, इस 'आपसी सहयोग' का एक आधार चीन भी है।'



भारत की कूटनीतिक सक्रियता के लिहाज से मंगलवार का दिन खास रहा। फिलीपींस की राजधानी मनीला में पहले आसियान शिखर सम्मेलन और फिर देर शाम जिस गंभीर माहौल में 'क्वाड' देशों के शासनाध्यक्षों की मुलाकात हुई, वह संकेत है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के आसपास अब विश्व की राजनीति सिमटने लगी है। हालांकि, जब ये पंक्तियां लिखी जा रही थीं, तब तक क्वाड बैठक के नतीजे सार्वजनिक नहीं किए गए थे, पर इस मजलिस से पहले 'ओपेन मीटिंग' में चारों नेताओं ने 'आपसी सहयोग' बढ़ाने पर जो जोर दिया, उसके मौजूदा हालात में गहरे निहितार्थ हैं।गौरतलब है, क्वाड की यह बैठक 2025 में भारत में होनी थी, पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रत्याशित व अस्थिर नीतियों के कारण ऐसा हो न सका। बहरहाल, इस 'आपसी सहयोग' का एक आधार चीन भी है। 'ओपेन मीटिंग' में भले ही उसका नाम नहीं लिया गया, पर शिखर बैठक में उसकी चर्चा जरूर हुई होगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती रणनीतिक-आर्थिक आक्रामकता चिंता पैदा करती है। चीन भारत-आसियान संबंध का भी एक महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि कई आसियान देश उस पर किसी न किसी वजह से निर्भर हैं और वे भारत के साथ अपने संबंध-विस्तार को 'बैलेंसिंग पावर' यानी शक्ति संतुलन के रूप में देखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान देशों को निराश नहीं किया। शिखर सम्मेलन में उन्होंने साफ-साफ कहा कि हमारा भविष्य 'कॉम्पिटिशन' (प्रतिस्पर्द्धा) से नहीं, 'को-ऑपरेशन' (सहयोग) से निर्धारित होना चाहिए। आसियान देश भारतीय प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुसार अपने संबंधों को कितना आकार दे पाते हैं, यह तो बाद में पता चलेगा, मगर'क्वाड बैठक' पर सभी देशों की निगाहें बनी हुई थीं, जो स्वाभाविक ही थीं।यह सही है कि अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप ने नीतियों में काफी फेरबदल की है। उन्होंने क्वाड के शेष तीनों देशों पर हद से अधिक टैरिफ लगाए, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में खटास पैदा हुई। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग हमेशा यही कहता रहा कि अमेरिका की क्वाड में दिलचस्पी बनी हुई है। इस साल इसके विदेश मंत्रियों की हुई तीनों बैठकों में भी (जिनमें से एक मई में नई दिल्ली में हुई थी) इस समूह की बुनियादी नीतियों को ही आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।क्वाड की बुनियादी नीतियां आखिर हैं क्या? दरअसल, यह समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति बनाए रखने और समुद्री जहाजों की बेरोक-टोक आवाजाही का हिमायती है। याद रहे, अपने उत्थान के बाद चीन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे उसकी विस्तारवादी नीतियों का पता चलता है। चीन की 'बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव' (बीआरआई) का मुख्य उद्देश्य भी यही है। खासतौर से दक्षिण व पूर्वी चीन सागर के क्षेत्रों को वह अपना समझता रहा है। वह हिंद-प्रशांत में अपनी नौसैन्य ताकत बढ़ाकर पूरे समुद्री क्षेत्र पर प्रभाव जमाना चाहता है। क्वाड के देश इस सामरिक चुनौती से मुकाबिल हैं।हालांकि, एक सवाल यह भी है कि भारत को क्वाड से कितनी उम्मीदें पालनी चाहिए? खासतौर से यह देखते हुए कि बीते कुछ महीनों से राष्ट्रपति ट्रंप का चीन के प्रति रुख बदल गया है। क्या वह बीजिंग से सहयोग बढ़ाना चाहते हैं? क्या वह उससे ऐसा कोई समझौता करना चाहते हैं कि चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाए और पश्चिमी गोलार्द्ध अमेरिका के लिए छोड़ दे? ये सवाल इसलिए मौजूं हो गए हैं, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी सामरिक नीति में पश्चिमी गोलार्द्ध पर खास जोर दिया है। इसी कारण उन्होंने जनवरी 2026 में वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करके उसके राष्ट्रपति को पत्नी समेत बंदी बना लिया था, क्योंकि वेनेजुएला के पास तेल का बड़ा भंडार है और वह चीन के साथ अपने संबंध बढ़ा रहा था।जाहिर है, एक तरफ यह उम्मीद तो की जा सकती है, जिस पर अमेरिकी विदेश मंत्री ने हर बैठक में इशारा भी किया कि अमेरिका क्वाड को मजबूत बनाना चाहता है। चीन को हिंद-प्रशांत में मनमानी से रोकना चाहता है; और क्वाड देशों में 'क्रिटिकल मिनरल्स' या नई तकनीक में सहयोग करना चाहता है, तो दूसरी तरफ नजर इस बात पर भी बनी रहेगी कि आने वाले दिनों में जब राष्ट्रपति ट्रंप शेन्जेन में चीन और रूस के अपने समकक्षों से मिलेंगे, तब उस मुलाकात के बाद क्या संयुक्त बयान जारी किया जाता है? अमेरिका ने यह तो कहा है कि शेन्जेन बैठक का उद्देश्य परमाणु हथियारों पर रोक लगाने के लिए तीनों देशों में सहमति बनाना है, जो आवश्यक भी है, क्योंकि ऐसा कोई समझौता उनमें नहीं है। आशंका यह भी है कि ट्रंप अब चीन और रूस के प्रति लचीली नीति अपना सकते हैं। यदि ऐसा हुआ, तो इसका असर क्वाड पर पड़ेगा ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी यह धारणा निर्मित होगी कि ट्रंप की नजर अब इस क्षेत्र से हटकर दूसरे पर जा रही है। इसके कयास इसलिए भी अधिक हैं, क्योंकि ईरान युद्ध के दलदल से अमेरिका बाहर नहीं निकल सका है। मुमकिन है, ट्रंप चीन और रूस से मदद मांगें, किंतु इस सहयोग के लिए वह किस तरह की कीमत अदा करने को तैयार हैं?

अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रतिबद्धता से मिल रही सफलता

चंद्रमा तक भारत की यात्रा, अमृतकाल के लिए अंतरिक्ष संबंधी दृष्टि और अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने के फैसले दर्शाते हैं कि सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, संस्थागत मजबूती और सामूहिक जिम्मेदारी किस प्रकार महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय लक्ष्यों को असाधारण उपलब्धियों में बदल सकती हैं।23 अगस्त, 2023 को चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी, यह राष्ट्रीय दृष्टि, राजनीतिक नेतृत्व, संस्थागत प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक दृढ़ संकल्प और हजारों लोगों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम से निकटता से जुड़े रहने के कारण मैं चंद्रयान-3 को दशकों से जारी संस्थान निर्माण, तकनीकी विकास और निरंतर प्रयासों का परिणाम मानता हूं।भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम 1960 के दशक की शुरुआत में बेहद सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुआ था। साल 1962 में इन्कॉस्पार, 1969 में इसरो और 1972 में अंतरिक्ष विभाग की स्थापना ने देश की अंतरिक्ष क्षमता की नींव रखी। थुंबा (केरल) से छोड़े गए साउंडिंग रॉकेटों से लेकर अत्याधुनिक प्रक्षेपण यानों, उपग्रहों व ग्रहों से जुड़े अभियानों तक भारत ने निरंतर प्रतिबद्धता के साथ तकनीकी क्षमताओं का विकास किया। इस तरह की यात्रा के लिए केवल वैज्ञानिक उत्कृष्टता पर्याप्त नहीं होती, ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता होती है, जो दीर्घकालिक दृष्टि स्थापित करे और बदलती परिस्थितियों के बीच संस्थानों का आत्मविश्वास बनाए रखे। 'भारत की अंतरिक्ष दृष्टि 2047' को सामने रखना ऐसा ही एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसने एक दीर्घकालिक रूपरेखा प्रदान की। इस दृष्टि में मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण, भारी क्षमता वाले उन्नत यान व पुनः उपयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान बनाने, अंतरिक्ष में मनुष्य की निरंतर मौजूदगी और चंद्रमा पर भारत की लैंडिंग सहित चंद्रमा की गहन खोज को इसमें शामिल किया गया है। कोई दृष्टि तभी सार्थक बनती है, जब उसे वित्त-पोषित कार्यक्रमों, संस्थागत जिम्मेदारियों और मापे जा सकने वाले लक्ष्यों में बदला जाए। इसी क्रम में भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोला गया। इसके बाद भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 लाई गई। इसरो के एक सफल राष्ट्रीय संस्थान के रूप में स्थापित होने के बाद युवा उद्यमी और नवाचार करने वाले लोग भी इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते थे। यह समझते हुए कि अंतरिक्ष गतिविधियों के भविष्य के विस्तार और उनके आर्थिक प्रभाव के लिए सरकारी संगठन से आगे की क्षमताओं की जरूरत होगी।



क्या लड्डू गोपाल से तुलसी जी का विवाह कर सकते हैं? क्या तुलसी में जल एकादशी पर अर्पित करें

तुलसी जी का विवाह दे?वउठनी एकादशी के दिन करना चाहिए, द्वादशी के दिन भी आप तुलसी जी का विवाह कर सकते हैं। लेकिन रविवार के दिन तुलसी जी का विवाह नहीं किया जाएगा। तुलसी विवाह अगर आप कर रही हैं तो एकादशी के लिए व्रत रखकर करें। वैसे कार्तिक पूर्णिमा के दिन भी तुलसी जी का विवाह कर सकते हैं। अधिकतर लोगों में छोटी-छोटी बातें होती है जो तुलसी विवाह के बारे में हम नहीं जानते हैं। अधिकतर लोगों को तुलसी विवाह को लेकर कंफ्यूजन रहती है। आपको बता दें कि अगर देवउठनी एकादशी का आप व्रत कर रहे हैं तो देवों को उठाने के बाद आप तुलसी विवाह का आयोजन कर सकते हैं। इसके लिए पंडित जी की जरूरत नहीं है। आप घर पर खुद से भी तुलसी विवाह का आयोजन कर सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि तुलसी विवाह का आयोजन करने से कन्यादान का फल मिलता है। अब बात करते हैं आपकी कंफ्यूजन की

क्या बालगोपाल के साथ तुलसी जी का विवाह किया जा सकता है?

बिल्कुल नहीं, तुलसी जी का विवाह बालगोपाल के साथ नहीं कर सकते हैं। दरअसल बालगोपाल श्रीहरि का बाल स्वरूप है। आपको तुलसी जी का विवाह विष्णु जी के साथ कराना है। इसलिए या तो शालिग्राम लेकर आएं, उनसे विवाह कराएं, या फिर सुपारी को शालिग्राम मानकर या फिर विष्णु जी की फोटो से तुलसी विवाह कर सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि भगवान राम की प्रतिमा और बालगोपाल से तुलसी विवाह ना करें।

क्या तुलसी जी में इस दिन जल अर्पित करें?

इस दिन एकादशी है तो भी आप इसमें जल अर्पित करें। इस दिन व्रत रखें तो बहुत अच्छा है, क्योंकि यह साल की बड़ी एकादशी है। एकादशी के दिन तुलसी में जल अर्पित नहीं करते हैंया इस दिन इनके पत्ते को तोड़ना नहीं चाहिए। एकादशी और द्वादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ना ताहिए। आपको बता दें कि तुलसी विवाह एकादशी के प्रदोष काल में होता है। शाम को 5 बजे से 7 बजे तक तका समय उत्तम रहता है। इस साल एकादशी दो दिन है। 20 नवंबर और 21 नवंबर दोनों दिन एकादशी तिथि रहेगी, इसलिए दोनों दिन तुलसी विवाह किया जा सकता है। व्रत रखने वाली एकादशी 21 नवंबर को है, इस दिन व्रत कर सकते हैं, क्योंकि इस दिन द्वादशी युक्त एकादशी है, इसके लिए गन्ने का मंडप बनाया जाता है। सुहाग का सामान आ दान कर रहे हैं, तो आपको सुहाग लेना भी चाहिए।





देवउठनी एकादशी पर भगवान के भोग के लिए क्या क्या रखते हैं? एकादशी व्रत 20 को नहीं

देव उठनी एकादशी के दिन भगवान जागेंगे। इस दिन भगवान को जगाने से पहले बहुत सी चीजों का भोग लगाया जाता है। आइए जानें इसके बारे में

देवउठनी एकादशी व्रत कथा–देव उठनी एकादशी के दिन भगवान को आने वाले महीनों के लिए जगाया जाएगा। इसके लिए उनको कई प्रसाद अर्पित किए जाएंगे और शुभ कार्यों के लिए उन्हें चार मास की निद्रा से जगाया जाता है। इसके लिए देवउठनी एकादशी पर खास पूजा होती है। इस दिन बहुत से लोग तुलसी विवाह भी करते हैं। सबसे पहले देवउठनी एकादशी का व्रत 21 नवंबर 2026 को रखना उत्तम है। अगर आप कहीं वायरल रील्स में 20 नवंबर की देवउठनी एकादशी के बारे में सोच रहे हैं को आपको बता दें कि यह तिथि गलत है। ज्योतिर्विद नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि देवउठनी एकादशी का व्रत 21 नवंबर को रखा जाएगा। इस दिन द्वादशी यक्त एकादशी मिल रही है, जो व्रत के लिए उत्तम मानी जाती है। उदयातिथि में भी यह एकादशी है। इसका पारण 22 नवंबर को किया जाएगा, जब त्रयोदशी तिथि भी लग जाएगी। अब बात करते हैं कि इस दिन अगर आप भी देवों को उठाना चाहते हैं तो कैसे उठाएं।

देवों को अर्पित करने के लिए भोग–देवों को अर्पित करने के लिए दो तरह की चीजें हैं, एक जो घर में बनेंगी और एक जो आप बाजार से लाओगे। घर में आप चरणामृत और मेवों की खीर बना लें। इस दिन चावल की खीर ना बनाएं। क्योंकि एकादशी के लिए चावल का नहीं खाया जाता है। आप मैवों की खीर बना सकते हैं। इसके अलावा कोई मिठाई जैसे लड्डू आदि भी बना सकते हैं। इसके बाद पूजा में चौक और मंडप के लिए गेरु और चावल का आटा का इस्तेमाल होता है, इससे घर में देवों की आकृति और सभी घरों के सदस्यों के नाम लेकर पैर बनाए जाते हैं।

किन चीजों से देवों को जगाया जाता है? शंख और सूप बजाकर जगाया जाता है। शंख घंटी और कांसे की थाली का इस्तेमाल किया जाता है। जब सभी चीजें एकत्र कर लें तो उठो देव जागे देव जैसे गीत गाकर सूप को उंगली से बजाकर, घंटी बजाकर, शंख बजाकर और कांसे की थाली से चम्मच बजाकर पूजा की जाती है। फिर भगवान को उठने के बाद उनको सभी चीजें अर्पित की जाती हैं।



साई पल्लवी के सपोर्ट में उतरे धनुष

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सीता का किरदार निभाने को लेकर साई पल्लवी लगातार चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। अब अभिनेता धनुष ने साई पल्लवी का समर्थन करते हुए उनकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने साई की भक्ति, व्यक्तित्व और एक्टिंग की तारीफ करते हुए उनके सीता के किरदार को लेकर हो रही आलोचना पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, धनुष और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'ओम' में एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों करीब नौ साल बाद साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने फिल्म 'मारी 2' में साथ काम किया था। फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान धनुष ने साई पल्लवी के साथ काम करने का अनुभव साझा किया और उनकी तारीफ की।

इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें धनुष साई पल्लवी के सीता बनने को लेकर हो रही चर्चाओं पर बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि साई के किरदार को लेकर इतना शोर क्यों मचाया जा रहा है। धनुष ने बताया कि शूटिंग के दौरान भी साई ब्रेक के समय लगातार भगवान की प्रार्थना किया करती थीं। धनुष ने कहा, 'उनके सीता के किरदार को लेकर इतनी बातें और चर्चाएं हो रही हैं। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों है। शूटिंग के दौरान शॉट्स के बीच मिलने वाले ब्रेक में भी वह लगातार प्रार्थना करती रहती थीं। अगर आप पूरे भारत में भी तलाश करेंगे, तो आपको उनके जैसी दूसरी सीता नहीं मिलेगी। वह भगवान के प्रति गहरी आस्था रखने वाली और बेहद साफ दिल की इंसान हैं। वह बेहद खूबसूरत हैं और एक शानदार कलाकार भी हैं।'

नौ साल में साई पल्लवी में आया बड़ा बदलाव

धनुष ने साई पल्लवी के साथ अपनी पहली फिल्म 'मारी 2' को भी याद किया। उन्होंने बताया कि उस समय साई काफी शांत स्वभाव की थीं और बहुत कम बोलती थीं। वह कुछ भी कहने से पहले काफी सोचती थीं। हालांकि, नौ साल बाद फिल्म 'ओम' के सेट पर उनसे दोबारा मिलकर धनुष उनके बदले हुए अंदाज को देखकर हैरान रह गए। उन्होंने कहा, 'जब मैं पहली बार 'मारी 2' के दौरान साई पल्लवी से मिला था, तब वह बहुत मासूम थीं और काफी कम बोलती थीं। कुछ भी कहने से पहले सोचती थीं और बात करने में भी हिचकिचाती थीं। लेकिन नौ साल बाद इस फिल्म के सेट पर उनसे मिला, तो वह पूरी तरह बदली हुई नजर आईं। वह सिनेमा की कला में पूरी तरह माहिर हो चुकी थीं। उनके बोलने के अंदाज, चलने के तरीके और एक्सप्रेशंस में एक अलग ही आत्मविश्वास और ठहराव दिखाई दे रहा था। यह देखकर मैं हैरान रह गया।'

मुश्किल किरदार को साई ने हिम्मत के साथ निभाया

धनुष ने अपनी आने वाली फिल्म 'ओम' में साई पल्लवी के काम की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि फिल्म में उनका किरदार निभाना आसान नहीं था, लेकिन साई ने इसे पूरी हिम्मत के साथ स्वीकार किया और शानदार अभिनय किया। धनुष के मुताबिक, 'इस किरदार को निभाना बिल्कुल आसान नहीं है। साई पल्लवी ने इसे बहुत हिम्मत और साहस के साथ स्वीकार किया और शानदार परफॉर्मेंस दी।'

'ओम' में साई पल्लवी ने निभाया ये किरदार

बता दें कि फिल्म 'ओम' में धनुष और साई पल्लवी एक बार फिर साथ नजर आएंगे। फिल्म में ममूटी भी अहम भूमिका में हैं। साई पल्लवी फिल्म में नित्या रेड्डी नाम की सीबीआई अधिकारी का किरदार निभा रही हैं, जो लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले की जांच करती हैं। वहीं, नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम, यश रावण, रवि दुबे लक्ष्मण और सनी देओल भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पार्ट 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, जबकि इसका दूसरा पार्ट 2028 में रिलीज होने वाला है।





आवारा पागल दीवाना 2 पर बोले सुनील शेट्टी

साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है।

सुनील शेट्टी ने हाल ही में बातचीत में फिल्म 'आवारा पागल दीवाना 2' के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है।' इस पर उनसे सवाल हुआ कि क्या इसकी शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है? इसके जवाब में शेट्टी ने कहा कि हां ऐसा हो सकता है।

सफलता से खुश हैं अभिनेता

इस बातचीत में आगे सुनील शेट्टी ने 2026 के प्रोजेक्ट्स पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। साथ ही, भारत के सुपर फाउंडर्स के पहले सीजन की सफलता से भी मुझे बहुत खुशी है।'

साल 2002 में रिलीज हुई आवारा पागल दीवाना का निर्माण फिरोज नाडियाडवाला ने किया था और फिल्म को सारे किरदार काफी मजेदार थे। सुनील शेट्टी के अलावा, इस एक्शन – कॉमेडी में अक्षय कुमार, आफताब शिवदासानी, परेश रावल, अमृता अरोरा, आरती छाबड़िया, प्रीति झंगियानी, सुप्रिया पिलगांवकर, ओम पुरी, जॉनी लीवर और राहुल देव ने अभिनय किया था। इतने सारे लोकप्रिय कलाकारों के एक साथ आने से फिल्म में भरपूर कॉमेडी और एक्शन देखने को मिला था।



जॉन डो से ड्रीम डेब्यू कर भावुक हुईं सृष्टि सिंह



अभिनेत्री सृष्टि सिंह ने 13 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म 'जॉन डो' के साथ अपना 'ड्रीम डेब्यू' किया है। तमिल फिल्म उद्योग में अपने पहले कदम को लेकर उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल में हमेशा एक खास जगह बनाए रखेगा। अपनी पहली फिल्म के दर्शकों तक पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए सृष्टि ने इस अनुभव को बेहद अविश्वसनीय बताया। उन्होंने कहा, 'किसी ऐसी यात्रा को बड़े पर्दे पर जीवंत होते देखना, जिसकी शुरुआत कई अनिश्चितताओं के साथ हुई थी, अपने आप में बेहद खास एहसास है। मुझे दर्शकों से मिल रहे प्यार, प्रोत्साहन और सराहना से बेहद खुशी हो रही है। लोगों को फिल्म से जुड़ते और इसे इतना स्नेह देते देख जो एहसास हो रहा है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।' सृष्टि ने उन सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया जिन्होंने उनके सपने को साकार करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं निर्देशक मधुमिता, निर्माताओं और अपने सह-कलाकारों की बेहद आभारी हूं, जिन्होंने इस सफर को खास बनाया। मैं विशेष रूप से अर्का मीडिया वर्क्स और खासकर प्रसाद गरु, शोबू गरु, किशोर और सौम्या का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे यह अवसर दिया। उनके विश्वास ने ही यह सब संभव बनाया और मैं इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी अभिनय प्रशिक्षक कलई रानी का भी धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने एक कलाकार के रूप में मेरा मार्गदर्शन किया। साथ ही मेरी तमिल भाषा प्रशिक्षक माधुरी मैम का भी आभार, जिन्होंने मुझे एक नई भाषा को समझने और इस अनुभव को आत्मविश्वास के साथ अपनाने में मदद की। इस यात्रा को सफल बनाने में हर व्यक्ति का योगदान रहा है। मैं इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थी और 'जॉन डो' हमेशा मेरे दिल के बेहद करीब रहेगी।' अर्का मीडिया वर्क्स के बैनर तले निर्मित इस ड्रामा फिल्म में अर्जुन दास, संचना नटराजन और सृष्टि सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जारा विनीत, नीरव एस, बडावा गोपी, कार्तिक कुमार, अनुपमा कुमार और अर्चना चंदोके भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।



प्यार का प्रेशर कुकर शो होस्ट करेंगी शिल्पा शेट्टी

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी रिलेशनशिप रियलिटी शो 'प्यार का प्रेशर कुकर' को होस्ट करने जा रही हैं। शो के मेकर्स के अनुसार, यह शो ऐसे कपल्स को एक साथ लाएगा जो अपने रिश्तों में किसी मोड़ पर आकर फंस गए हैं। एक ही घर में रहने के दौरान, प्रतिभागियों को उन सवालों के जवाब देने होंगे जिनसे वे अब तक बचते आ रहे हैं। इस प्रक्रिया में उनके माता-पिता भी शामिल होंगे, जो उन्हें एक जरूरी 'रियलिटी चेक' देंगे, ताकि स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सके और सच सामने आ सके।

शो के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा, 'आजकल रिश्तों में कई नए शब्द जुड़ गए हैं, जैसे 'सिचुएशनशिप', 'ब्रेडक्रंबिंग' और 'बेंचिंग'। इस सब के बीच असल स्पष्टता कहीं खो गई है। चाहे रिश्ता नया हो या वर्षों से चला आ रहा कोई पुराना रिश्ता, एक ऐसा मोड़ जरूर आता है, जब किसी को सही और जरूरी सवाल पूछने ही पड़ते हैं। 'प्यार का प्रेशर कुकर' की जो बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है, वह है रियलिटी फॉर्मेट पर इसका एक नया नजरिया।'

अपनी बात कहने के लिए प्रेरित करता है शो

शिल्पा ने आगे कहा 'यह भारत का पहला ऐसा रिलेशनशिप शो है, जहां माता-पिता प्रतिभागियों को 'रियलिटी चेक' देते हैं। यह शो कपल्स के साथ-साथ उनके माता-पिता के लिए भी काफी दिलचस्प है, जो यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि असल में क्या चल रहा है। यह एक ऐसा शो है जो लोगों को वह बात कहने के लिए प्रेरित करता है जो वे वास्तव में कहना चाहते हैं। मैं इसे होस्ट करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।' यह शो जल्द ही जियो हॉटस्टार और कलर्स पर आएगा।

सलमान-अजय के साथ किया डेब्यू, 'आशिकी 2' ने आदित्य रॉय कपूर को दिलाई असली पहचान



अपनी शानदार पर्सनैलिटी, दमदार आवाज और सहज अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले आदित्य रॉय कपूर आज लाखों लड़कियों के दिलों पर राज करते हैं। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि आदित्य कभी अभिनेता बनना ही नहीं चाहते थे। उनका सपना तो एक प्रोफेशनल क्रिकेटर बनने का था लेकिन किस्मत उन्हें क्रिकेट के मैदान से उठाकर फिल्मों की दुनिया में ले आई। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत सलमान खान और अजय देवगन जैसे सुपरस्टार्स के साथ फिल्म 'लंदन ड्रीम्स' से की थी लेकिन उन्हें असली पहचान 'आशिकी 2' से मिली। आदित्य रॉय कपूर का जन्म 16 नवंबर 1985 को मुंबई में हुआ था। उनका परिवार पहले से ही फिल्मी दुनिया से जुड़ा हुआ था। उनके दादा रघुपत रॉय कपूर 1940 के दशक में फिल्म निर्माता थे। वहीं, उनके बड़े भाई सिद्धार्थ रॉय कपूर बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं। उनकी शादी अभिनेत्री विद्या बालन से हुई है। आदित्य के दूसरे बड़े भाई कुणाल रॉय कपूर भी अभिनेता हैं। आदित्य की मां सलोमी रॉय कपूर (सलोमी आरोन) पूर्व मिस इंडिया और कोरियोग्राफर रह चुकी हैं। ऐसे में उनके परिवार का मनोरंजन जगत से पुराना नाता रहा है। इसके बावजूद आदित्य ने कभी बचपन से अभिनेता बनने का सपना नहीं देखा था। आदित्य को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का बहुत शौक था। वह एक प्रोफेशनल क्रिकेटर बनना चाहते थे और इसके लिए उन्होंने क्रिकेट की कोचिंग भी ली थी। हालांकि, छठी कक्षा के बाद उन्होंने कोचिंग छोड़ दी।

फिल्मों में आने से पहले आदित्य ने बतौर वीडियो जॉकी अपने करियर की शुरुआत की थी। उनके मजाकिया अंदाज, बेबाक बातचीत और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों ने खूब पसंद किया। 'पकाऊ' और 'इंडियाज हॉटेस्ट' जैसे शो के जरिए वह युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो गए थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात फिल्मी दुनिया के लोगों से होने लगी और धीरे-धीरे उनके लिए फिल्मों के दरवाजे खुलने लगे। आदित्य ने साल 2009 में फिल्म 'लंदन ड्रीम्स' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में सलमान खान और अजय देवगन जैसे बड़े सितारे मुख्य भूमिकाओं में थे। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि आदित्य ने यह फिल्म बड़ा अभिनेता बनने के सपने के साथ साइन नहीं की थी।

एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि फिल्म की शूटिंग लंदन में होनी थी और उन्हें वहां घूमने का मौका मिल रहा था। यही बात उन्हें इतनी पसंद आई कि उन्होंने फिल्म के लिए हामी भर दी। उस समय उनके लिए अभिनय से ज्यादा आकर्षण लंदन घूमने और गिटार बजाने का था। इसके बाद वह 'एक्शन रिप्ले' और 'गुजारिश' जैसी फिल्मों में भी नजर आए। हालांकि, इन फिल्मों से उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी एक अभिनेता को तलाश होती है।

आदित्य रॉय कपूर की जिंदगी में सबसे बड़ा बदलाव साल 2013 में आया, जब मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई। इस फिल्म में उन्होंने श्रद्धा कपूर के साथ मुख्य भूमिका निभाई। आदित्य ने फिल्म में राहुल जयकर नाम के एक ऐसे गायक का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी प्यार, दर्द और संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी और गानों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, आदित्य और श्रद्धा की केमिस्ट्री भी खूब पसंद की गई।

खिलाड़ियों और स्टाफ के अनुभव गोपनीय रखे जाएंगे

सीए 'सैंडपेपरगेट कांड' एक फोरम बनाएगा



होबार्ट । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की है कि वह 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे में शामिल खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए एक इंडिपेंडेंट फोरम बनाएगा, ताकि वे अपनी गवाही दोबारा सुन सकें। बोर्ड ने कहा कि केपटाउन घटना की जांच दोबारा नहीं शुरू की जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन डेविड बून ने कहा, 'ध्यान से सोचने के बाद, सीए बोर्ड ने एक ऐसा फोरम बनाने का फैसला किया है जो 2018 में साउथ अफ्रीका की घटनाओं में शामिल खिलाड़ियों और स्टाफ को अपने अनुभव और नजरिए शेयर करने की इजाजत देगा।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना ??है कि यह खेल के सबसे अच्छे हित में है। लगभग एक दशक से, उन घटनाओं के नतीजे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बारे में बातचीत का हिस्सा रहे हैं। यह कई लोगों के लिए एक मुश्किल चैप्टर रहा है और, तेजी से, चल रही बहस खेल से ध्यान भटकाने वाली बन गई है। हमारा मानना ??है कि अब सर्किट ब्रेकर का समय आ गया है। यह फोरम अतीत पर फिर से बात करने के बारे में नहीं है। यह उन लोगों के लिए एक मौका बनाने के बारे में है जो एक सम्मानजनक माहौल में अपनी कहानियां सुनाना चाहते हैं, और हमारे खेल को सुनने के लिए। '

उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट तब सबसे मजबूत होता है जब वह एकजुट होता है। हम उन सभी के प्रति जिम्मेदार हैं जो खेल से प्यार करते हैं कि हम समझ, सम्मान और नजरिए के साथ एक साथ आगे बढ़ने की हर मुमकिन कोशिश करें। एक पूर्व खिलाड़ी के तौर पर, मैं जानता हू कि क्रिकेट हमें सबसे जरूरी चीजों में से एक देता है, वे रिश्ते जो हम बनाते हैं और वह दोस्ती जो खेल करियर खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है। मेरी उम्मीद है कि यह प्रक्रिया उन कनेक्शन को मजबूत करने में मदद कर सकता है और हमें आगे क्या होने वाला है, इस पर ध्यान देने दे सकता है। ' डेविड बून ने कहा, 'मैं सभी को प्रोत्साहित करूंगा कि वे इस प्रक्रिया को सम्मानपूर्वक और निजी तौर पर आगे बढ़ने दें। हमारा ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि खेल आगे भी बढ़ता रहे। '

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'पिछले सप्ताह हमने 2018 में केपटाउन टेस्ट में जो हुआ उसके बारे में कई अलग-अलग बातें सुनी हैं। यह खेल और इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत मुश्किल और असहज समय रहा है।

स्मैट 2026: बंगाल ने झारखंड को 7 विकेट से हराया आंध्र-छत्तीसगढ़ और बिहार ने दर्ज की जीत

नई दिल्ली । सैयद मुश्ताक अली (स्मैट) एलीट 2026 में बुधवार को बंगाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन झारखंड को 7 विकेट से हराया। वहीं, बिहार, आंध्र और छत्तसीगढ़ ने भी जीत दर्ज की। छत्तीसगढ़ बनाम ओडिशा : ग्रुप डी के मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोबोर्ड पर 228 रन लगाए। टीम की तरफ से कप्तान विकल्प तिवारी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 56 गेंदों का सामना करते हुए 119 रनों की दमदार पारी खेली। 229 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ओडिशा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 177 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सर्वाधिक 57 रन कार्तिक बिस्वाल ने बनाए। आंध्र बनाम केरल : आंध्र ने ग्रुप सी के मुकाबले में केरल को 29 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 225 रन बनाए। टीम की तरफ से सीरम वेंकट राहुल ने सर्वाधिक 64 रन बनाए, जबकि शेख रशीद ने 39 गेंदों में 60 रनों का योगदान दिया। इसके जवाब में केरल की टीम 5 विकेट खोकर 196 रन ही बना सकी।



पहला टेस्ट आज से



WTC फाइनल के लिए भारत को क्या करना होगा?: मोर्कल ने सिराज-बुमराह से इस चुनौती से निपटने को कहा; और क्या बोले?

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज सिर्फ एक द्विपक्षीय मुकाबला नहीं है, यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के फाइनल की दौड़ में भारत के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने का बड़ा मौका भी है। फिलहाल न्यूजीलैंड अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारतीय टीम चौथे स्थान पर है। ऐसे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने टीम को फाइनल तक पहुंचने का एक अहम मंत्र दिया है। उनका मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अब अपने सहज दायरे से बाहर निकलकर ज्यादा मेहनत करनी होगी। जरूरत पड़ने पर तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त ओवर करने और मुश्किल परिस्थितियों में भी टीम के लिए जिम्मेदारी उठाने को तैयार रहना होगा।



'फाइनल में पहुंचना है तो आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा'

मोर्कल ने कहा कि भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए अब खुद को पहले से ज्यादा चुनौती देनी होगी। टीम को ऐसे काम करने के लिए तैयार रहना होगा, जो शायद उसने पहले नहीं किए हैं। उन्होंने खास तौर पर तेज गेंदबाजों के लंबे स्पेल और अतिरिक्त ओवर करने की जिम्मेदारी का जिक्र किया। मोर्कल ने कहा, 'फाइनल में पहुंचने के लिए हमें अब खुद को थोड़ा और आगे बढ़ाना होगा। हमें अपने सहज दायरे से बाहर निकलकर ऐसी स्थिति में जाना होगा, जहां शायद हम पहले कभी नहीं गए हैं। अगर किसी मौके पर टीम को जरूरत हो कि कोई गेंदबाज दो या तीन ओवर अतिरिक्त करे, हवा के विपरीत गेंदबाजी करे और मुश्किल जिम्मेदारी निभाए, तो हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।'

वेलिंगटन की हवा और न्यूजीलैंड का निचला क्रम भी चुनौती

न्यूजीलैंड दौरे पर वेलिंगटन की तेज हवाएं भी भारतीय गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकती हैं। मोर्कल के मुताबिक, दोनों टीमों को इन परिस्थितियों का सामना करना होगा।
ऐसे में खिलाड़ियों को मजबूत मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना होगा। उन्होंने कहा कि किसी एक छोर से गेंदबाज को जिम्मेदारी उठानी होगी और खिलाड़ियों की बॉडी लैंग्वेज ऐसी होनी चाहिए कि वे लगातार गेंदबाजी करने के लिए तैयार दिखें। इसके अलावा मोर्कल ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को भी भारत के लिए अहम चुनौती बताया।

गेंदबाजी संयोजन को लेकर मोर्कल को पूरा भरोसा

सीरीज से पहले भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी संयोजन को लेकर भी चर्चा है। जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, अंशुल कंबोज और हाल ही में टीम में शामिल किए गए गुरनूर बराड़ जैसे विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में प्लेइंग-11 चुनना टीम प्रबंधन के लिए चुनौती हो सकता है। हालांकि, मोर्कल को उपलब्ध गेंदबाजों की क्वालिटी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम जिस भी गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगी, उसमें 20 विकेट लेने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'गौतम (गंभीर) को मेरा फीडबैक यही था कि इस दौरे पर हम जिस भी गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेंगे, हमारे पास 20 विकेट लेने के लिए पर्याप्त क्षमता है। मुझे इस पर भरोसा है। हर गेंदबाज में अलग तरह की खूबी है और सभी कुशल हैं। मेरा मानना है कि सभी खेलने के लिए तैयार हैं।' मोर्कल ने सिराज को विश्वस्तरीय प्रदर्शन करने वाला गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा कि जब भी सिराज को भारतीय टीम की जर्सी में मौका मिला है, उन्होंने खुद को साबित किया है।



पिछले नतीजों की निराशा पीछे छोड़ना चाहता है भारत

मोर्कल ने स्वीकार किया कि हाल के टेस्ट नतीजों से भारतीय ड्रेसिंग रूम में निराशा रही है। उनके मुताबिक, टीम कुछ अहम खिलाड़ियों के जाने के बाद अपनी लय तलाश रही थी। हालांकि, आगामी दो टेस्ट को लेकर खिलाड़ियों के बीच बातचीत सकारात्मक रही है।
उन्होंने कहा कि टीम को पता है कि वह इससे बेहतर क्रिकेट खेल सकती है और अगले 10 से 13 दिनों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी में मजबूत इच्छाशक्ति है। भारत ने डब्ल्यूटीसी के पहले दो फाइनल खेले थे और अब 2027 में द ओवल में होने वाले फाइनल में वापसी करना चाहेगा। इसके लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट भारत के अभियान में अहम साबित हो सकते हैं।

फ्रेंडली मैच में अर्जेंटीना ने कोस्टा रिका को 7-0 से हराया

ब्यूनस आयर्स । निको पाज, जूलियन अल्वारेज और फ्रैंको मास्टैंटुओनो के दो-दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने एक मैत्री मैच में कोस्टा रिका को 7-0 से हरा दिया। कोस्टा रिका ने एक तिहाई से भी कम पजेशन पर कंट्रोल किया। टीम मुश्किल से अपने अटैकिंग थर्ड में घुस पाई। गेम शुरू होने के सिर्फ सात मिनट बाद, पाज ने पेनल्टी एरिया के किनारे पर एक रिबाउंड पर झपट्टा मारा और एक शानदार



फिनिश के साथ पहला गोल किया। गोल के बाद के मिनट पूरी तरह से लियोनेल स्कालोनी की टीम के कंट्रोल में थे, जिन्होंने मिडफील्डर्स के बीच बॉल को मूव किया और विंग्स से अटैक करने की कोशिश की। इसके बावजूद, कोस्टा रिका ने एक काउंटर-अटैक के बाद कप्तान एमिलियानो मार्टिनेज को एक शानदार सेव करने पर मजबूर कर दिया। बाद में, लगभग 30 मिनट के बाद, नेशनल टीम ने एक और अच्छा अटैकिंग खेल दिखाया। कुछ देर बाद, एन्जो फर्नांडीज की एक शानदार थ्रू बॉल और गिया के विंग से नीचे दौड़ने के बाद, जूलियन अल्वारेज को पास मिला और उन्होंने मैच का दूसरा गोल किया। फिर, पाज ने एक सोलो रन बनाया, एक डिफेंडर को पीछे छोड़ते हुए, अंदर कट करते हुए, और एक जोरदार शॉट मारा जो पैट्रिक सेक्वेरा को छकाते हुए टॉप कॉर्नर में चला गया। पहला हाफ 4-0 के साथ समाप्त हुआ। दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद, फ्रैंको मास्टैंटुओनो ने पास के पोस्ट पर गोलकीपर को पीछे छोड़ते हुए एक लो शॉट मारा, जिससे अर्जेंटीना के लिए उनका दूसरा और पांचवां गोल हुआ।
दूसरे हाफ के बीच में, नेशनल टीम ने बॉल पर कब्जा बनाए रखा और विंग्स से अटैक किया। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पेनल्टी एरिया में दो डिफेंडरों को छकाते हुए छठा गोल किया। गेम के आखिर में, मास्टैंटुओनो ने फिर से गोल किया। गिउलिआनो शिमोन के साथ वन-टू के बाद, मिडफील्डर ने सटीकता से गोल करके 7-0 की जीत पक्की कर दी।

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बनाई एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह, बेन शेल्टन को हराया

ट्यूरिन । अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राउंड-रॉबिन मुकाबले में बेन शेल्टन को हराकर साल 2026 के एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जर्मन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-2, 7-6(4) से हराया। एक घंटे और 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। ज्वेरेव इस प्रतिष्ठित सीजन-एंडिंग टूर्नामेंट में नौवीं बार हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने 2018 में



लंदन में और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, 2018, 2019, 2021 और 2024 के बाद यह पांचवीं बार है जब वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। शेल्टन, जो लगातार दूसरे साल इस सीजन-फिनाले में खेल रहे हैं, अब जॉन मैकेनरो ग्रुप में 1-1 की स्थिति में हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने रविवार को आर्थर फिल्स को हराकर एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अब उनका ध्यान गुरुवार को राफेल जोडार के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर है।

फुटबॉल: भारत के खिलाफ मैच में फिलिस्तीन के खिलाड़ियों पर नस्लवाद का आरोप



नई दिल्ली । भारत ने मंगलवार को कुआलालंपुर में खेले गए एफसी अंडर-17 एशियन कप 2027 क्वालिफायर में फिलिस्तीन को 4-1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय कप्तान डल्लालमुऑन गंगटे को नस्लभेदी व्यवहार का सामना करना पड़ा। घटना के कैमरे में रिकॉर्ड होने के बाद भी रेफरी ने कोई एक्शन नहीं लिया। मुकाबले में भारत और फिलिस्तीन दोनों टीमें क्वालिफाइंग ग्रुप में टॉप स्पॉट के लिए लड़ रही थीं। इस वजह से दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास कर रही थीं। इस दौरान फिलिस्तीनी खिलाड़ी बार-बार भारतीय खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से चुनौती देने और परेशान करने की कोशिश कर रहे थे। विवाद तब बढ़ गया जब फिलिस्तीन के नंबर 19 खिलाड़ी को भारतीय कप्तान डल्लालमुऑन गंगटे के पास नाक पर पंखा झलते हुए देखा गया। इस हरकत को नस्लभेदी माना गया। लाइव ब्रॉडकास्ट में दिखने के बावजूद, मैच अधिकारियों ने इस घटना पर बिना किसी कार्रवाई के खेल जारी रहने दिया।

फिलिस्तीनी खिलाड़ी मोहम्मद जमहूर ने नौवें मिनट के आस-पास एक भारतीय खिलाड़ी को पीछे से दो बार लात मारी और फिर फुटबॉलर के जमीन पर गिरने के बाद उसके हाथ पर पैर पटक दिया। इस घटना के बाद रेफरी ने फिलिस्तीन के खिलाड़ी को रेड कार्ड दिया था। मैच के दौरान इन तनावपूर्ण क्षणों को बावजूद भारतीय टीम ने अपना धैर्य नहीं खोया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 के अंतर से जोरदार जीत हासिल की।



तीन महाशक्तियों की अहम बैठक पर आज टिकी दुनिया की नजर

राष्ट्रपति ट्रम्प पहुंचे चीन, प्रोटोकॉल तोड़ एयरपोर्ट पर जिनपिंग ने किया स्वागत

शेनझेन त्रिपक्षीय बैठक में ईरान संघर्ष, यूक्रेन युद्ध और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर होगी चर्चा

● बीजिंग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार को चीन के दौर पर पहुंचे, जहां पर उनका शानदार स्वागत किया गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रोटोकॉल तोड़कर खुद उन्हें रिसीव करने पहुंच गए और दोनों एक दूसरे के गले लगे। राष्ट्रपति ट्रम्प का ये दौरा का अहम माना जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प यहां पर चीन और रूस के अपने समकक्षीय राष्ट्रपति शी जिनपिंग राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शेनझेन में बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में ईरान संघर्ष और यूक्रेन युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प आसियान शिखर सम्मेलन और क्वाड नेताओं की बैठक में शामिल होने के लिए फिलीपींस पहुंचे हुए थे।

डोनाल्ड ट्रम्प ने क्वाड को लेकर क्या कहा- ट्रम्प ने चीन निकलने से पहले ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर लिखा था कि मैं अब फिलीपींस से चीन जा रहा हूं। फिलीपींस में हमारी बिजनेस, नेशनल सिक्योरिटी और अन्य विषयों पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने फिलीपींस के साथ एक नई और बिल्कुल अलग बिजनेस डील की है।



ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग की डिनर पर हुई खास मुलाकात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एपेक समिट के स्वागत डिनर में एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं के बीच गुरुवार को त्रिपक्षीय बैठक होगी।

यह एक ऐतिहासिक समझौता होगा, जो खासतौर पर हमारे किसानों और एनर्जी सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा।

निष्पक्ष दुनिया बनाने काम करेंगे : पुतिन



इससे पूर्व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शेनझेन में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) फोरम के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस बैठक में पुतिन ने शी से कहा कि रूस और चीन को मिलकर एक अधिक निष्पक्ष दुनिया बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमारे और चीन के बीच संबंध स्थिर हैं। हमारे रिश्ते सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा शी ने कहा कि हमें एक बड़ी शक्ति के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को मजबूती से निभाना चाहिए। रूस और चीन को हर क्षेत्र में अपना सहयोग और गहरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों ने इस उथल-पुथल भरी दुनिया में अधिक स्थिरता पहुंचाई है।उन्होंने रूस-चीन संबंधों को समानता, आपसी सम्मान और दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद सहयोग का एक सही उदाहरण करार दिया।

ईरान के इशारे पर ट्रम्प को मारने की रची थी साजिश

वाशिंगटन, आरएनएन। यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत कई बड़े सरकारी अफसरों की हत्या की साजिश रचने वाले एक पाक नागरिक को 27 साल से ज्यादा की जेल हुई है। उसका नाम आसिफ मर्चेंट है। यूएस जांच एजेंसियों के मुताबिक, वह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के लिए काम करता था। आरोप है कि उसने अमेरिका में नेताओं की हत्या कराने के लिए सुपारी किलर तलाशे थे। इसके लिए 5 हजार डॉलर की शुरुआती रकम भी दी गई। हालांकि, जिन्हें वह सुपारी किलर समझ रहा था, वे एफबीआई के अंडरकवर एजेंट थे।



पाकिस्तानी को 27 साल की जेल

ब्रुकलिन की संघीय कोर्ट ने आसिफ मर्चेंट (48) को 330 महीने यानी 27 साल 6 महीने जेल की सजा सुनाई है। उसे सीमाओं के पार आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देने की कोशिश और सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश का दोषी पाया गया। इस साजिश के पीछे जनवरी 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने का मकसद था। अधिकारियों का आरोप है कि आईआरजीसी ने इसी हमले का बदला लेने के लिए मर्चेंट को अमेरिका भेजा था। कोर्ट में मर्चेंट ने स्वीकार किया कि वह आईआरजीसी के लिए काम करता था। करीब 2022 में वह इस संगठन से जुड़ा था। इसके बाद एक रिश्तेदार के जरिए उसकी मुलाकात संगठन के हैंडलर यूसुफ मेरहारदाद से हुई। करीब डेढ़ साल के दौरान दोनों की तेहरान में लगभग 15 बार मुलाकात हुई। इन बैठकों में मर्चेंट को खुफिया गतिविधियों से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई।

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी तक पहुंची टेक्निकल ग्लिच की आंच

एनएसए के कई सिस्टम हो गए ठप

● नई दिल्ली

यूएस में पिछले कुछ दिनों से टेक्नोलॉजी से जुड़ी कई बड़ी गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार साइबर हमले की आशंका को खारिज किया है, लेकिन यूएस राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के गोपनीय कम्यूनिकेशन नेटवर्क में आई रुकावट ने चिंता बढ़ा दी है।



अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) द्वारा बहुत गोपनीय जानकारी संभालने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला संचार नेटवर्क ठप हो गया है। एनएसएनेट नाम के इस नेटवर्क का इस्तेमाल एनएसए के कर्मी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी को आंतरिक रूप से साझा करने के लिए करते हैं। फिलहाल गड़बड़ी कितनी बड़ी है और इसके पीछे क्या कारण हैं। इन सभी पहलुओं से जांच हो रही है। अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वहीं, एनएसए ने अपने कर्मचारियों के लिए काम पर आने के अलग-अलग समय तय किए हैं। जिससे वे अलग-अलग समय पर काम पर आ सकें। व्हाइट हाउस ने इस रुकावट को लेकर साइबर हमले की आशंका से इनकार किया है।

रूबियो बोले, साइबर हमलों की आशंका

यूएस विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी साइबर हमलों की आशंका से इनकार किया है। मंगलवार को 'चर्चा के दौरान व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लॉरेन बिस ने कहा कि हमें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे लगे कि यह कोई साइबर हमला था। अमेरिकियों को चिंता करने जैसी कोई बात या संकट नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब यूएस सुरक्षा एजेंसी को इस तरह की तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा है। इससे पूर्व 2000 में, एक तकनीकी खराबी के कारण एनएसए के कंप्यूटर सिस्टम लगभग तीन दिनों तक ठप रहे, जिससे मैरीलैंड के फोर्ट मीड स्थित केंद्र में खुफिया जानकारी से जुड़ी प्रक्रिया बाधित हो गई थी।



पुष्कर वार्षिक ऊँट मेला

पुष्कर में बुधवार को वार्षिक ऊँट मेले के दौरान, एक ऊँट पालक ने अपने ऊँट के साथ नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी।

नौसेना : समुद्री निगरानी अभियानों के 50 साल पूरे

नई दिल्ली, आरएनएन। भारतीय नौसेना ने लंबी दूरी की समुद्री निगरानी अभियानों के 50 साल बुधवार को पूरे कर लिए । नौसेना ने बताया कि यह अवसर भारतीय नौसेना वायु स्क्वाड्रन आई एन ए एस 312 'अल्बाट्रॉस' की स्थापना के 50 साल पूरे होने का भी प्रतीक है। नौसेना ने 18 नवंबर 1976 को गोवा के आई एन एस हंसा में आई एन ए एस 312 की शुरुआत की थी।

उस समय भारतीय वायुसेना के पांच लॉकहीड सुपर कॉन्स्टेलेशन विमान नौसेना को सौंपे गये थे। 1971 के युद्ध के बाद समुद्री निगरानी के लिए ऐसे विमानों की जरूरत महसूस हुई थी, जो जहाजों और हेलीकॉप्टरों के साथ मिलकर काम कर सकें। इसके बाद 1977 में इल्यूशिन आईएल-38 विमानों को शामिल करने से नौसेना की समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी क्षमता मजबूत हुई। साल 1988 में आई एन ए एस 312 में टुपोलेव टीयू-142 एम विमान शामिल किये गये।

अभूतपूर्व तरीके से भारत का रक्षा उत्पादन बढ़ रहा

भारतीय समुदाय को रक्षामंत्री ने किया संबोधित

● टोक्यो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को जापान में कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र अब आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहा है, और रक्षा उत्पादन तथा निर्यात अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं।

सिंह ने टोक्यो में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि थल सेना, नौसेना और वायु सेना की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ स्वदेशी रक्षा निर्माण, भारत की रक्षा ताकत को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत-जापान के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों की चौथी वार्ता के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस बैठक को 2+2 वार्ता भी कहा जाता है। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जबकि देश का रक्षा उत्पादन अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। रक्षामंत्री ने बताया कि घरेलू रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है, जो एक दशक पहले 48,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात 600 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,000 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो भारत की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं और वैश्विक रक्षा बाजार में इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

पाक ने फतह-3 सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का किया टेस्ट

इस्लामाबाद, आरएनएन। पाकिस्तान की सेना ने बुधवार को दावा किया कि उसने आज फतह-3द्य सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है, जो लंबी दूरी के लक्ष्यों को सटीक तरीके से भेदने में सक्षम है। सेना ने एक बयान में कहा कि फतह-3 मिसाइल पाकिस्तानी सेना के रॉकेट बल कमान का अभियान लचीलापन और मारक क्षमता को काफी बढ़ा देगी, जिससे देश की समग्र पारंपरिक प्रतिरोध क्षमता और रक्षा स्थिति और मजबूत होगी। यह हथियार प्रणाली उन्नत नौवहन और प्रणोदक प्रणालियों से लैस है, और यह सुपरसोनिक गति से लंबी दूरी पर मौजूद लक्ष्यों को अत्यधिक सटीकता और घातक क्षमता के साथ निशाना बनाने में सक्षम है।

ब्रिटेन के प्रिंस विलियम पीएम मोदी से मिले



- व्यापार-रक्षा और टेक्नोलॉजी पर हुई बातचीत
- पत्नी केट के साथ 10 साल बाद आए थे भारत

नई दिल्ली, आरएनएन। ब्रिटेन के प्रिंस विलियम अपनी पत्नी प्रिंसेस केट के साथ बुधवार को पीएम मोदी से मिले। इस दौरान प्रिंस और प्रिंसेस भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, रक्षा और टेक्नोलॉजी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। यह मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम है। प्रिंस और प्रिंसेस केट की पीएम मोदी से आखिरी मुलाकात अप्रैल 2016 को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई थी। प्रिंस और प्रिंसेस अर्थशॉट प्राइज अवॉर्ड्स 2026 के लिए भारत के दौरे पर हैं।

मुंबई के अस्पताल में पहुंचीं कैथरीन

मुंबई। भारत यात्रा पर आईं प्रिंसेस केट ने मुंबई के एक अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रसूति वार्ड में नई माताओं, नवजात शिशुओं और स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात की। इस दौरान कैथरीन ने प्रसव के बाद स्वास्थ्य लाभ कर रही महिलाओं से बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया।

अमेरिका से डिपोर्ट किया गया खालिस्तान समर्थक

दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार

नई दिल्ली, आरएनएन। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के समर्थक सुरिंदर सिंह उर्फ ठिकरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। उसे अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया। एनआईए के मुताबिक, सुरिंदर सिंह को अमेरिकी अधिकारियों ने हिरासत में लिया था।

भारत सरकार के साथ तालमेल के बाद उसे भारत भेजा गया और एयरपोर्ट पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। यह मामला 27 अप्रैल को पंजाब में शंभू और राजपुरा रेलवे स्टेशनों के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) की रेलवे लाइन पर हुए ब्लास्ट से जुड़ा है. यह धमाका किलोमीटर मार्कर 1174-5 के पास हुआ था। एनआईए के मुताबिक, खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्यों ने कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और पंजाब में कानून-व्यवस्था को अस्थिर करने के मकसद से इस ब्लास्ट को अंजाम दिया था। जांच के दौरान एनआईए को पता चला कि ब्लास्ट के बाद सुरिंदर सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था।

कवक का नया वंश कुसमी में मिला

वाराणसी, आरएनएन। बीएचयू शोधकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित कुसमी जंगल से कवक के एक नए वंश पेड्रोक्रूसियोप्सिस की खोज की है। यह कवक वर्ष 2022 में होलोप्टेलिया इंटीग्रिफोलिया पौधे की रोगग्रस्त पत्तियों से प्राप्त हुआ था। इसकी विशिष्ट संरचनात्मक विशेषताओं के आधार पर इसे नया वंश घोषित किया गया है। इसका नामकरण प्रसिद्ध कवक वैज्ञानिक प्रोफेसर पेड्रो विलेम क्रूस के सम्मान में किया गया है। शोधकर्ताओं ने इसकी पहचान के लिए डीएनए विश्लेषण, आणविक तकनीक और इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी का उपयोग किया।

बाब-अल-मंदेब के पास एक और जहाज पर हमला

दो भारतीय नाविक सुरक्षित, एक अब भी लापता

● नैरोबी

बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के पास एक और मालवाहक जहाज के डूबने की खबर आई है। इस जहाज का नाम ''अल-फतेह'' था। इस जहाज पर तीन भारतीय नाविक मौजूद थे, जिनमे से दो नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि वह संबंधित अधिकारियों और अन्य पक्षों के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि बचाए गए दोनों नाविकों की सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित की जा सके और लापता नाविक की तलाश में चल रहे प्रयासों में पूरा सहयोग दिया जा सके। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि नैरोबी में भारतीय उच्चायोग मालवाहक जहाज अल-फतह से



बचाए गए दो भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए हर संभव मदद कर रहा है।

यह जहाज बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के पास डूब गया था। एक तीसरा भारतीय नाविक अभी भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। उच्चायोग ने कहा कि हम संबंधित अधिकारियों, शिपिंग एजेंट और बचाए गए नाविकों के साथ लगातार संपर्क में हैं, ताकि उनकी वापसी की प्रक्रिया पूरी की जा सके और लापता भारतीय चालक दल के सदस्य का पता लगाने के प्रयासों में सहायता मिल सके।

ईरान का कुवैत में यूएस पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पर हमला, किया खाक

तेहरान, आरएनएन। ईरानी सेना ने दावा किया है कि उसने बुधवार तड़के कुवैत स्थित अली अल सलेम एयरबेस पर अमेरिकी सैन्य उपकरणों को निशाना बनाया। बाद में कुवैत ने भी एक बयान जारी कर इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। ईरानी सेना के मुताबिक, इस हमले में अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के साथ ड्रोन और मिसाइल लॉन्च प्लेटफॉर्म को निशाना बनाने के लिए लड़ाकू और आत्मघाती ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, सेना के जनसंपर्क कार्यालय ने एक बयान जारी कर हमले की जानकारी दी।



कैम्ब्रिज डिक्शनरी दुनिया में तेजी से एआई के बढ़ते दौर में हुई इंसानियत की वापसी

575 साल पुराना ह्यूमन बना 2026 वर्ड ऑफ द ईयर

● लंदन

दुनिया तेजी से एआई की ओर बढ़ रही है। मशीनें इंसानों की तरह सोचने, लिखने, सवालों के जवाब देने और फैसले लेने लगी हैं। ऐसे समय में एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो रहा है कि आखिर इंसान- मशीन के बीच फर्क क्या है? इसी बहस के बीच कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने खास शब्द को 2026 का 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना है। यह शब्द है- 'ह्यूमन' यानी इंसान।

दिलचस्प बात यह है कि एआई के बढ़ते प्रभाव के दौर में डिक्शनरी ने किसी नई तकनीकी शब्दावली को नहीं, बल्कि करीब 575 साल पुराने शब्द को चुना है। यह चयन केवल भाषा से जुड़ा फैसला नहीं, बल्कि उस सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव की ओर भी इशारा करता है, जहां इंसान अपनी पहचान और मानवीय गुणों को नए सिरे से समझने की कोशिश कर रहा है।



बिल गेट्स ने भी की चयन की सराहना

सॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने भी कैम्ब्रिज डिक्शनरी के इस चयन पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एआई इंसानों को मानव होने के अर्थ पर पहले से ज्यादा गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित कर रहा है। दरअसल, एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ यह बहस तेज हो रही है कि क्या मशीनें कभी इंसानों की भावनाओं, संवेदनाओं और रचनात्मकता की पूरी तरह नकल कर पाएंगी? और अगर तकनीक कई मानवीय काम करने लगेगी तो इंसान की सबसे बड़ी खासियत क्या होगी?

- **2023:** कॉलिन्स डिक्शनरी ने एआई को वर्ष का शब्द चुना था।
- **2023:** कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'हाल्यूसिनाइट' को चुना। यह शब्द एआई के गलत या मनगढ़ंत जानकारी देने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।
- **पिछले साल:** मेरियम-वेबस्टर ने एआई से तैयार होने वाली घटिया गुणवत्ता की सामग्री के लिए इस्तेमाल होने वाले शब्द 'स्लॉप' को चुना।
- **पिछले साल:** कॉलिन्स डिक्शनरी ने एआई की मदद से सॉफ्टवेयर विकसित करने की तकनीक 'वाइब कोडिंग' को वर्ष का शब्द बनाया।

आखिर क्यों चुना गया ह्यूमन

कैम्ब्रिज डिक्शनरी के शब्दकोश विशेषज्ञ कॉलिन मैकिंटोश के मुताबिक, एआई ने हमारे 'मानव होने' के अर्थ को लेकर बातचीत का तरीका बदल दिया है। अब लोग इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि सोचने, समझने और फैसले लेने की जिम्मेदारी मशीनों को सौंपने से इंसान क्या खो सकते हैं। मैकिंटोश का कहना है कि एआई पर बढ़ती निर्भरता को लेकर चिंता केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित नहीं है। बड़े गणितज्ञों से लेकर छोटे बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों तक में यह सवाल उठ रहा है कि तकनीक के इस दौर में मानवीय सोच और क्षमताओं को कैसे सुरक्षित रखा जाए।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है
हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान अपडेट
धरोहर, विकास और जनहित की खबर
| Digital Edition |
RJHIN/25/A4779
गुरूवार, 19 नवंबर, 2026

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मातृ मृत्यु के मामलों में अगस्त से अक्टूबर तक लगभग 40 प्रतिशत की कमी

झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश, लापरवाही पर तय होगी सीएमएचओ की जिम्मेदारी



जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान एवं समुचित प्रबंधन तथा नियमित मॉनिटरिंग के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में अगस्त से अक्टूबर तक मातृ मृत्यु के मामलों में लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। अक्टूबर माह में यह कमी लगभग 59 प्रतिशत रही है। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि अगस्त 2025 में मातृ मृत्यु के 100 मामले दर्ज हुए थे, जबकि अगस्त 2026 में यह संख्या घटकर 73 रह गई। इस प्रकार 27 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। इसी प्रकार सितंबर में 83 के मुकाबले 54 मामले दर्ज हुए, जो लगभग 35 प्रतिशत की कमी है। अक्टूबर माह में 87 के मुकाबले केवल 36 मामले दर्ज हुए, जो लगभग 59 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्शाता है। अगस्त से अक्टूबर तक वर्ष 2025 में 270 मातृ मृत्यु के मुकाबले वर्ष 2026 में 163 मामले दर्ज हुए हैं। इस प्रकार कुल 107 मामलों अर्थात लगभग 39.6 प्रतिशत की कमी आई है। राठौड़ ने कहा कि मातृ मृत्यु के मामलों में आई कमी संतोषजनक है, लेकिन प्रत्येक मातृ मृत्यु को रोकने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मातृ मृत्यु प्रकरण का गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तथा मृत्यु के कारणों, उपचार में हुई देरी, रेफरल व्यवस्था और चिकित्सा प्रबंधन की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोधपुर जिले के उम्मेद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आईवीआईजी इंजेक्शन के वितरण में अनियमितता के मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रभारी को प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने सभी आपातकालीन एम्बुलेंस 108 में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव (पीपीएच) के प्रबंधन के लिए उपलब्ध करवाए गए एंटी शॉक एनएएसजी गारमेंट के समुचित उपयोग का सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अधीनस्थ अस्पतालों के चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के प्रशिक्षण और मेंटॉरिंग की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। श्रीमती राठौड़ ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों एवं ब्लॉक में झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



राज्यपाल और स्पीकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया समारोह का शुभारंभ

जयपुर की गौरवशाली विरासत, साहित्यिक परंपरा और सांस्कृतिक चेतना हमारी पहचानःदेवनानी

जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर के 299वें स्थापना दिवस समारोह के तहत मंगलवार को बिरला ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्यपाल और वासुदेव देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। वासुदेव देवनानी ने कहा कि जयपुर का 299 वर्षों का गौरवशाली इतिहास केवल स्थापत्य कला, ऐतिहासिक धरोहरों और विकास की गाथा ही नहीं है, बल्कि यह साहित्य, संस्कृति, कला और भारतीय परंपराओं की समृद्ध विरासत का भी प्रतीक है। जयपुर ने सदैव अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान से देश-दुनिया में विशेष स्थान बनाया है। यहां की साहित्यिक परंपरा और सांस्कृतिक चेतना हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने अपनी सशक्त, भावपूर्ण, ओजस्वी एवं हास्य-व्यंग्य से परिपूर्ण काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा सभागार कविता, साहित्य और शब्दों की भावनात्मक अभिव्यक्ति से सराबोर नजर आया। कवियों की प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियों के साथ उत्साहपूर्वक अपनी सराहना व्यक्त की। इस मौके पर सुप्रसिद्ध वीर रस के कवि श्री हरिओम पंवार (मेरठ), लोकप्रिय हास्य-व्यंग्य कवि एहसान कुरैशी (मुंबई), दिनेश रघुवंशी , सुरेश अलबेला (कोटा), प्रियांशु गजेंद्र (बाराबंकी), राव अजातशत्रु (उदयपुर) एवं कवयित्री दिपिका माही (चित्तौड़गढ़) ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

न्यूज इन बॉक्स



राजस्थान में पेट्रोल पंपों पर विधिक मापविज्ञान विभाग की बड़ी कार्रवाई

दूदू के पेट्रोल पंप पर तीन साल से बिना सत्यापन के हो रहा था संचालन, सभी नोजल किए जब्त

जयपुर(नि.सं.)। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा एवं पेट्रोल-डीजल की सही मात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता मामले मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रदेशभर में कुल 62 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम मात्रा में पेट्रोल-डीजल देने एवं बिना वैध सत्यापन के पेट्रोल पंप संचालित करने के मामले सामने आए।

दूदू में बड़ी कार्रवाईः तीन साल से बिना सत्यापन चल रहा था पेट्रोल पंपः जयपुर जिले के दूदू स्थित श्री कृष्ण पेट्रोलियम (HPCL) पर निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई। जांच में पाया गया कि पेट्रोल पंप के माप-वितरण उपकरणों का अंतिम सत्यापन 12.09.2023 तक ही वैध था।



कानोड़िया कॉलेज : तकनीकी युग में शिक्षक की भूमिका को किया रेखांकित

जयपुर(नि.सं.)।कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के अभिव्यक्ति क्लब के अंतर्गत आज दिनांक 18 नवंबर, 2026 को हिंदी एवं अंग्रेज़ी में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में तकनीकी विकास के साथ शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की अपेक्षाएँ भी निरंतर बदल रही हैं। इसी संदर्भ में युवाओं के विचारों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'बदलती तकनीक, बदलती शिक्षा- शिक्षक और शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों की अपेक्षाएँ' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं ने कहा कि तकनीकी युग में असीमित सूचनाओं के जाल में उलझते विद्यार्थियों को एक सच्चे मार्गदर्शक की आवश्यकता है। तकनीक दुनिया से जोड़ सकती है, लेकिन अपनी जड़ों और मूल्यों से जोड़ने में शिक्षक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को कौशल विकास के केंद्र तथा शिक्षकों को प्रेरणा, सहानुभूति और संवेदना का संचार करने वाले मार्गदर्शक के रूप में विकसित करने की अपेक्षा व्यक्त की।



ऊर्जा विभाग की समीक्षा

समयबद्धता से पूर्ण हों विद्युत परियोजनाएंः हीरालाल नागर

जयपुर(नि.सं.)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। ऐसे में यह जरूरी है कि विद्युत उपलब्धता की दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्पादन एवं विद्युत तंत्र के सदृढ़ीकरण की परियोजनाओं को समयबद्धता से पूर्ण किया जाए। श्री नागर मंगलवार को विद्युत भवन में प्रदेश में विद्युत उपलब्धता, आगामी रबी सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारियों, किसानों को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति, पीएम कुसुम, आरडीएसएस, पीएम सूर्यघर सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को दें गतिः प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ने बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सौर और पवन ऊर्जा के प्रभावी उपयोग तथा पीक आवर्स में ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए बैटरी स्टोरेज प्रणाली महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित निगमों को भूमि आवंटन, निविदा प्रक्रिया और निर्माण कार्यों में तेजी लाकर प्रोजेक्ट्स को निर्धारित लक्ष्य की समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। नागर ने पम्प स्टोरेज परियोजनाओं में भी लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीक डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं तथा पम्प स्टोरेज परियोजनाओं को विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने अक्षय ऊर्जा निगम, उत्पादन निगम तथा वितरण निगमों द्वारा विकसित किए जा रहे।

पीएम श्री योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक

समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना की जिलेवार प्रगति की समीक्षा



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक रश्मि शर्मा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक अशोक मीणा सहित विभिन्न घटकों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। सभी जिलों के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में समग्र शिक्षा के सभी घटकों की जिलेवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। प्रत्येक घटक के तहत अब तक हुए व्यय पर चर्चा हुई। विद्यालयों में शौचालयों की कार्यशील स्थिति, जर्जर भवनों से संबंधित निर्माण कार्यों, 'जादुई पिटारा' और बाल मेलों सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। एसएनए स्पर्श प्रणाली पर विद्यालयों की मैपिंग की वर्तमान स्थिति और इसे पूरा करने की निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा की गई। साथ ही, जिलों को जारी वित्तीय सीमा के विद्यालयवार आवंटन और शेष राशि की स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में 'प्रशस्त' ऐप के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग और विद्यालयों की मैपिंग की जिलेवार स्थिति की जानकारी ली गई। पीएम श्री योजना के तहत जिलों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा की गई।



गोपाष्टमी पर खण्डेलवाल समाज का सेवा संकल्प, रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

भरतपुर(वि.सं.)। संत सुंदरदास जी के निर्वाण दिवस (गोपाष्टमी) पर खिरनी घाट स्थित खण्डेलवाल भवन में खंडेलवाल समाज के तत्वावधान में खंडेलवाल युवा मंडल एवं खंडेलवाल महिला मंडल की ओर से तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हाल ही अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित समाज के गौरव रुद्रांश खंडेलवाल एवं राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनीत खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान शिविर में समाज के युवाओं एवं अन्य समाजबंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में लगभग 90 रक्तदाता रक्तदान करने के लिए पहुंचे, जिनमें चिकित्सकीय जांच के उपरांत 51 रक्तदाता पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं रक्तदान के योग्य पाए गए। इन सभी ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया।

राजस्थान पुलिस

राजस्थान पुलिस ने ड्रोन से तस्करी करने वाले 28 पाकिस्तानी हैंडलरों की पहचान की

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान पुलिस ने 28 ऐसे पाकिस्तानी हैंडलरों की पहचान की है और उनके नाम बताए हैं, जो कथित तौर पर ड्रोन का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार हथियार, नशीले पदार्थ और विस्फोटक भेजने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और इसे केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने स्थानीय मददगारों की ज़मीनों की पहचान करना शुरू कर दिया है। जिन संपत्तियों का इस्तेमाल तस्करी के कामों में किया गया है, उन्हें जब्त करने की योजना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी टीमों ने सीमा पार से ड्रोन के जरिए होने वाली तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। उन्होंने 28 ऐसे पाकिस्तानी हैंडलर्स की पहचान की है, जो कथित तौर पर भारतीय क्षेत्र में हथियार, नशीले पदार्थ और विस्फोटक गिराने में शामिल थे। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने के लिए इनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। पुलिस ने उन लोगों की जमीनों की पहचान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिन पर तस्करों की मदद करने का शक है। ड्रोन उतारने के लिए इस्तेमाल की गई जमीनों को कानूनी प्रावधानों के तहत सरकारी नियंत्रण में लेने की तैयारी चल रही है। पुलिस के



अनुसार, पाकिस्तानी हैंडलरों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अपना नेटवर्क बना लिया है और वे ड्रोन के जरिए तस्करी करने के लिए स्थानीय लोगों की मदद ले रहे हैं। तस्करी का सामान खेतों में गिराया जाता है, जहां से स्थानीय लोग उसे उठा लेते हैं। पहले, इस तरह की घटनाओं की जांच मुख्य रूप से उन लोगों पर केंद्रित होती थी जो सीधे तौर पर सामान इकट्ठा करने या उसे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने में शामिल होते थे। लेकिन, 12 अक्टूबर की रात को ड्रोन से सामान गिराने की तीन अलग-अलग घटनाओं के बाद पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है।



बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर वृंदावन जैसा सजेगा खाटूश्यामजी मंदिर

लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना; रेलवे चलाएगा 12 स्पेशल ट्रेन

सीकर(वि.सं.)। सीकर के खाटूश्यामजी में बाबा श्याम का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी-द्वादशी मेला 20 नवंबर को आयोजित होगा। जन्मोत्सव पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने 12 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी और जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार खाटूधाम में सुरक्षा से लेकर यातायात और दर्शन व्यवस्था तक व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पूरे कस्बे पर 240 सीसीटीवी कैमरों और दो ड्रोन के जरिए नजर रखी जाएगी। प्रशासन ने मेले में करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया है।

ग्रामीणों ने मिसाल पेश की

सरपंच का चुनाव हारे कैंडिडेट को मिलेंगे 1 करोड़:ग्रामीणों ने पहले राउंड में दिए 10 लाख

प्रत्याशी बोला- ये पैसा विकास पर खर्च करूंगा

बालोतरा। बालोतरा जिले की भाटाला ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव हारने के बाद प्रत्याशी रामलाल गोदारा के समर्थन में ग्रामीणों ने मिसाल पेश की है। गांव वालों ने रामलाल गोदारा के घर पर बैठक की। इस दौरान मौके पर ही 10 लाख रुपए नकद इकट्ठा किए और करीब 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। इतना ही नहीं, कई ग्रामीणों ने चुनाव प्रचार में लगी



गाड़ियों का किराया और डीजल का खर्च लेने से भी इनकार कर दिया। रामलाल ने कहा कि उन्हें अभी 10 लाख रुपए मिले हैं। ये और बाकी का पैसा वो गांव के विकास और एम्बुलेंस के लिए खर्च करेंगे। मामला बालोतरा जिले की पायला कलां पंचायत समिति की भाटाला ग्राम पंचायत का है।

16 नवंबर को चौथे चरण में हुए पंचायत चुनाव में रामलाल गोदारा 8 वोट से सरपंच चुनाव हार गए थे।

चुनाव में 8 वोट से हारे रामलाल

भाटाला ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए दो प्रत्याशी देवीलाल चौधरी और रामलाल गोदारा मैदान में थे। पंचायत में कुल 1408 मतदाता थे, जिनमें से 1317 वोट पड़े।

जीरो टॉलरेंस नीति मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति से मिलावटखोरों पर कसता शिकंजा

खाद्य तेल, मसाले, मिठाइयों जैसे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता हो रही सुनिश्चित

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जीरो टॉलरेंस नीति से मिलावटखोरों पर निरंतर शिकंजा कसा जा रहा है। प्रदेशभर में 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान सफलतापूर्वक संचालित कर मिलावट के कारोबार पर सर्जिकल स्ट्राइक जारी है। त्यौहारी सीजन के दौरान मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के अंतर्गत सघन निरीक्षण, प्रवर्तन नमूनीकरण, न्यायालयों में प्रकरण प्रस्तुत



करने के साथ ही जुर्माना अधिरोपित कर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर रहा है। वर्ष 2026 में सितंबर माह तक विभाग ने 12 हजार 27 निरीक्षण किए और 12 हजार 64 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं। साथ ही, 2 हजार 892 चालान प्रस्तुत किए हैं और 9 करोड़ 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियान के अंतर्गत दूध, घी, खाद्य तेल, मसाले, आटा, बेसन, मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 8.99 लाख किलोग्राम/लीटर से अधिक खाद्य पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, 2.77 लाख किलोग्राम/लीटर से अधिक खाद्य पदार्थ नष्ट किए गए हैं। अभियान का उद्देश्य मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ खाद्य कारोबारियों को नियमों के प्रति जागरूक करना और उपभोक्ताओं में सुरक्षित खाद्य पदार्थों के चयन की समझ विकसित करना भी है।

41 जिलों में कार्रवाई, सात लाख से अधिक कैन जब्त

खाद्य पदार्थों की लेबलिंग और विपणन से संबंधित नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कैफीनयुक्त पेय पदार्थों, विशेषकर 'एनर्जी ड्रिंक' और 'स्पोर्ट्स ड्रिंक' के नाम से विपणन किए जाने वाले उत्पादों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई है। अभियान के अंतर्गत 41 जिलों में सात लाख से अधिक कैन और 64 हजार 580 बोतलें जब्त की गई हैं।

47,878 हितधारकों का प्रशिक्षण वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

खाद्य कारोबारियों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षित करना सुरक्षित खाद्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है।

स्वामी और प्रकाशक बुधमती गोस्वामी एवं मुद्रक तारावंद कुमावत द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, 10 MA, आईजी नगर, जगतपुरा,जयपुर, राजस्थान - 302017 से प्रकाशित किया। प्रधान संपादकः बुधमती गोस्वामी एवं संपादकः रमाकान्त गोस्वामी, उप संपादक - मोनिका शर्मा, पीआरजीआई नं. RJHIN/25/A 4779 ब्रांच ऑफिसः 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल आईडीः editor.the uncoveredupdate@gmail.com, वेबसाइटः www.theuncoveredupdate.com (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी. आर. पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।